वर्ष : 35 | अंक : 33 | मुंबई, गुरुवार, 16 अप्रैल 2026 | RNI: MAHHIN/49994/91 | मूल्य : 3 रुपए | epaper.dobajedopahar.com | संपादक : अरुण लाल | संरक्षक : एन. के. पुरोहित


DBD
दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

## ऐतिहासिक सफर : 27 साल का लंबा इंतजार

महिला आरक्षण का मुद्दा भारतीय राजनीति में नया नहीं है, बल्कि दशकों के संघर्ष की कहानी है! 1996 की शुरुआत : एचडी देवगौड़ा सरकार ने पहली बार 81वें संविधान संशोधन विधेयक के रूप में इसे पेश किया था। अटल बिहारी वाजपेयी का प्रयास : 1998 से 2003 के बीच कई बार कोशिश हुई, लेकिन संसद में भारी हंगामे और बिल फाड़े जाने की घटनाओं के कारण यह आगे नहीं बढ़ सका। 2010 की आंशिक सफलता : मनमोहन सिंह सरकार के दौरान यह बिल राज्यसभा में तो पारित हो गया, लेकिन लोकसभा में बहुमत और आम सहमति की कमी के कारण अटक गया।

## ग्लोबल नजरिया: भारत बनाम दुनिया

भारत की वर्तमान स्थिति : वर्तमान लोकसभा में महिला सांसदों की संख्या मात्र 14-15% के आसपास है, जो वैश्विक औसत से काफी कम है। पड़ोसी देशों से तुलना : नेपाल, पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे देशों ने अपने संविधान में महिलाओं के लिए आरक्षण या विशेष व्यवस्था पहले ही लागू कर रखी है। रुवांडा का उदाहरण : दुनिया में सबसे अधिक महिला प्रतिनिधित्व लगभग 61% रुवांडा में है। क्यूबा और यूएई जैसे देशों में भी यह आंकड़ा 50% तक पहुंच चुका है। लक्ष्य : यदि यह बिल लागू होता है, तो भारत दुनिया के उन शीर्ष देशों में शामिल हो जाएगा।




# सत्ता और विपक्ष में छिड़ा घमासान

एजेंसी | नई दिल्ली

महिला आरक्षण बिल (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) को लागू करने की राह अब एक बड़े राजनीतिक टकराव की ओर मुड़ गई है। आज से शुरू होने वाले संसद के विशेष सत्र से पहले सरकार और विपक्षी गठबंधन के बीच वार-पलटवार तेज हो गया है। जहां सरकार इसे नारी शक्ति के सशक्तीकरण का ऐतिहासिक कदम बता रही है, वहीं विपक्ष ने परिसीमन (Delimitation) की शर्त को लेकर सरकार की मंशा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। INDIA गठबंधन ने इस योजना को चुनावी स्टंट करार दिया है। विपक्ष का मुख्य विरोध आरक्षण को परिसीमन से जोड़ने पर है। उन्हें डर है कि इससे दक्षिण भारतीय राज्यों की राजनीतिक ताकत कम हो जाएगी। केंद्र सरकार का तर्क है कि वे महिलाओं को विधायी निकायों में 33% भागीदारी देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। सरकार के नए प्रस्ताव के अनुसार, लोकसभा की सीटों की संख्या वर्तमान 543 से बढ़ाकर 850 तक की जा सकती है, ताकि आरक्षण लागू होने पर किसी भी वर्ग का प्रतिनिधित्व प्रभावित न हो।



महिला आरक्षण के नाम पर सरकार केवल आंकड़ों का मायाजाल बुन रही है। हमारा रुख साफ है कि बिना 'कोटा के भीतर कोटा' के यह बिल अधूरा है। जब तक इसमें पिछड़ी, दलित और अल्पसंख्यक (PDA) समाज की महिलाओं के लिए अलग से आरक्षण सुनिश्चित नहीं किया जाता, तब तक समाज के सबसे निचले पायदान पर खड़ी महिलाओं को संसद में जगह नहीं मिलेगी।

–अखिलेश यादव, सपा मुखिया



नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल एक कानून नहीं, बल्कि नए भारत की लोकतांत्रिक प्रतिबद्धता है। हम 2029 तक बहनों को उनका अधिकार देने के लिए संकल्पित हैं। सीटों की संख्या बढ़ाना इसलिए जरूरी है ताकि विकास और प्रतिनिधित्व के बीच संतुलन बना रहे।

–नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



विपक्ष केवल भ्रम फैला रहा है। परिसीमन एक संवैधानिक प्रक्रिया है जो यह सुनिश्चित करेगी कि हर क्षेत्र को उचित प्रतिनिधित्व मिले। जो लोग आज विरोध कर रहे हैं, उन्होंने दशकों तक इस बिल को ठंडे बस्ते में डाल रखा था।₹

–अमित शाह, ग्रहमंत्री



महिला आरक्षण को परिसीमन की शर्त के साथ जोड़ना महिलाओं के साथ धोखा है। अगर नीयत साफ है, तो इसे तुरंत लागू करें। साथ ही, जब तक इसमें ओबीसी (OBC) कोटा शामिल नहीं होता, तब तक वंचित समाज की महिलाओं को न्याय नहीं मिलेगा।

–मल्लिकार्जुन खरगे, सासंद



यह बिल एक अच्छा कदम है, लेकिन सरकार ने इसमें परिसीमन और जनगणना की जो शर्तें जोड़ी हैं, वे इसे लागू होने से रोकने के बहाने हैं। अगर सरकार वास्तव में महिलाओं को शक्ति देना चाहती है, तो इसे आज और इसी वक्त लागू किया जाना चाहिए। इसमें ओबीसी महिलाओं के लिए अलग से आरक्षण का प्रावधान हो।

–राहुल गांधी, विपक्ष नेता

### सबरीमाला मंदिर में महिलाओं का प्रवेश


## यह कोई रेस्टोरेंट या दुकान का मामला नहीं : TDB

एजेंसी | नई दिल्ली

**केरल के प्रसिद्ध सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश को लेकर चल रही सुनवाई के चौथे दिन बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में अहम बहस हुई। मंदिर का प्रबंधन देखने वाले त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड (TDB) ने अपने पक्ष में जोरदार दलीलें रखते हुए इस मामले को सामान्य सार्वजनिक स्थानों से पूरी तरह अलग बताया। TDB की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने अदालत में कहा कि "यह कोई रेस्टोरेंट या दुकान का मामला नहीं है", बल्कि एक विशिष्ट धार्मिक आस्था से जुड़ा विषय है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह भगवान अयप्पा का मंदिर है, जिन्हें आजन्म ब्रह्मचारी माना जाता है, और इसी आधार पर यहां की परंपराएं स्थापित हुई हैं।**



### हजारों अय्यप्पा मंदिरों में है प्रवेश



सिंघवी ने तर्क दिया कि 10 से 50 वर्ष आयु वर्ग की महिलाओं का प्रवेश मंदिर की पारंपरिक व्यवस्था और देवता के स्वरूप के विपरीत माना जाता रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि देशभर में भगवान अयप्पा के लगभग 1,000 अन्य मंदिर हैं, जहां महिलाओं के प्रवेश पर कोई रोक नहीं है, इसलिए विशेष रूप से इसी मंदिर में प्रवेश की मांग पर विचार करना आवश्यक है।

### करोड़ों लोगों की आस्था को गलत ठहराना बेहद कठिन

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि करोड़ों लोगों की आस्था को गलत ठहराना बेहद कठिन कार्य है। अदालत ने यह भी संकेत दिया कि सामाजिक सुधार के नाम पर धर्म की मूल संरचना को कमजोर नहीं किया जाना चाहिए। साथ ही कोर्ट ने यह स्पष्ट किया कि संविधान के दायरे में रहते हुए ही किसी भी परंपरा या प्रथा का परीक्षण किया जाएगा, ताकि न्याय और संतुलन बना रहे। न्यायालय ने यह भी कहा कि आस्था और अधिकारों के टकराव में संवेदनशील और संतुलित दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक है। गौरतलब है कि केरल हाईकोर्ट ने 1991 में 10 से 50 वर्ष की महिलाओं के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया था, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में भेदभावपूर्ण बताते हुए हटा दिया था। हालांकि, इस फैसले के खिलाफ दायर पुनर्विचार याचिकाओं पर अब विस्तृत सुनवाई जारी है। इस दौरान विभिन्न पक्षों द्वारा परंपरा, लैंगिक समानता और धार्मिक अधिकारों को लेकर गहन बहस की जा रही है। कई याचिकाकर्ताओं ने इसे महिलाओं के अधिकारों से जुड़ा महत्वपूर्ण मुद्दा बताया है, जबकि कुछ पक्ष इसे धार्मिक आस्था से जुड़ा विषय मान रहे हैं।



## TCS कांड : 9 FIR, 8 आरोपी और सरहद पार साजिश की जांच



डीबीडी संवाददाता | नासिक

टाटा कंसल्टिंग सर्विसेज (TCS) से जुड़े कथित यौन उत्पीड़न और धार्मिक टिप्पणी के मामले में नासिक पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। पुलिस कमिश्नर संदीप कर्णिक ने पहली बार मीडिया के सामने आकर मामले को गंभीर और बहुस्तरीय बताया है। पुलिस के अनुसार अब तक कुल 9 एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं। इन मामलों में ऑफिस में यौन उत्पीड़न, नौकरी का झांसा देकर रेप की कोशिश, छेड़छाड़ और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने जैसे गंभीर आरोप शामिल हैं। कुछ शिकायतों में धर्म परिवर्तन के लिए दबाव डालने की बात भी सामने आई है। जांच में अब तक 8 आरोपियों की पहचान हुई है, जिनमें 6 युवक और 2 युवतियां शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि मामला एक संगठित नेटवर्कजैसा प्रतीत हो रहा है। एक आरोपी निदा खान अभी फरार है और उसकी तलाश जारी है। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि मामले में सरहद पार साजिश की आशंका को भी खारिज नहीं किया जा सकता।

### हनीट्रैप जासूसी केस

## कुरुलकर को हाईकोर्ट से राहत नहीं

- संवेदनशील रक्षा जानकारी लीक के आरोप गंभीर
- कोर्ट ने गवाहों को प्रभावित करने और फरार होने की आशंका जताई



डीबीडी संवाददाता | मुंबई

बॉम्बे हाई कोर्ट ने डॉ. प्रदीप कुरुलकर को जमानत देने से इनकार कर दिया है। पूर्व DRDO वैज्ञानिक पर कथित पाकिस्तानी महिला एजेंट को संवेदनशील जानकारी देने का आरोप है। जस्टिस एस.जी. डिगे की बेंच ने कहा कि कुरुलकर ने एक साल से अधिक समय तक एक संदिग्ध महिला के साथ अंतरंग बातचीत के दौरान अहम रक्षा सूचनाएं साझा कीं। कोर्ट ने इसे गंभीर मामला मानते हुए जमानत याचिका खारिज कर दी।

### ATS ने 2023 में किया था गिरफ्तार

60 वर्षीय कुरुलकर को महाराष्ट्र एटीएस ने 3 मई 2023 को हनीट्रैप जासूसी मामले में गिरफ्तार किया था। यह कार्रवाई DRDO की शिकायत के आधार पर की गई थी। कुरुलकर की ओर से दलील दी गई कि जिस जानकारी को साझा करने का आरोप है, वह पहले से सार्वजनिक डोमेन में मौजूद थी। हालांकि अभियोजन पक्ष ने इसे खारिज करते हुए कहा कि बातचीत में अत्यंत संवेदनशील रक्षा जानकारी शामिल थी।

### गवाहों को प्रभावित करने की आशंका

कोर्ट ने कहा कि भले ही कुरुलकर रिटायर्ड हो चुके हैं, लेकिन केस के कई गवाह उनके अधीन काम कर चुके हैं। ऐसे में उनके प्रभावित होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। साथ ही, उनके फरार होने की आशंका भी जताई गई। ATS के अनुसार, जांच में वैज्ञानिक और कथित महिला एजेंट के बीच हुई बातचीत बेहद अहम (विस्फोटक) पाई गई है। एजेंसी का मानना है कि आरोपी ने रणनीतिक रक्षा प्रणालियों से जुड़ी जानकारी साझा की और निजी संबंध बनाने के प्रयास में सुरक्षा से

## ब्रीफ न्यूज़

### अमेरिका-ईरान वार्ता का दूसरा दौर तय : ट्रंप की 10 शर्तों पर अटका पेच

नई दिल्ली। अमेरिका और ईरान के बीच लंबे समय से जारी तनाव के बीच कूटनीतिक कोशिशें फिर तेज हो गई हैं। पहले दौर की नाकाम बातचीत के बाद अब दोनों देश दूसरे दौर की वार्ता के लिए तैयार हो गए हैं। माना जा रहा है कि बातचीत जल्द ही इस्लामाबाद में हो सकती है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि दोनों देश समझौते के करीब हैं और आने वाले दिनों में बड़ी प्रगति हो सकती है। वहीं उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने भी माना कि दोनों देशों के बीच अविश्वास गहरा है, लेकिन बातचीत से रास्ता निकल सकता है। पहले दौर की बातचीत करीब 41 घंटे चली, लेकिन कोई ठोस नतीजा नहीं निकला। अमेरिका ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम और होर्मुज स्ट्रेट में उसकी भूमिका को बड़ा मुद्दा बनाया, जबकि ईरान ने अमेरिकी शर्तों को बातचीत विफल होने का कारण बताया।ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने साफ कहा है कि उनका देश युद्ध नहीं चाहता, लेकिन किसी भी तरह का दबाव या सरेंडर स्वीकार नहीं करेगा। ईरान ने फ्रांस समेत कई देशों से संपर्क कर कूटनीतिक पहल भी तेज कर दी है।

### AI की दुनिया में भारत का परचम, इस्तेमाल में टॉप देशों में शामिल

नई दिल्ली। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) के क्षेत्र में भारत तेजी से वैश्विक ताकत बनता जा रहा है। OpenAI की ताजा रिपोर्ट में सामने आया है कि भारत दुनिया के सबसे बड़े और तेजी से बढ़ते AI बाजारों में शामिल हो चुका है। खासकर कोडिंग, डेटा विश्लेषण और जटिल समस्याओं के समाधान में भारतीय उपयोगकर्ता अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में AI का उपयोग केवल सामान्य कार्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि जटिल तर्क और तकनीकी कार्यों में भी तेजी से बढ़ रहा है। फरवरी 2026 में लॉन्च हुए Codex AI टूल के महज दो हफ्तों में भारत में इसके यूजर्स चार गुना बढ़ गए, जो देश में तकनीक अपनाने की तेज रफ्तार को दर्शाता है।

### अमरावती सेक्स स्कैंडल

## बुलडोजर एक्शन, 4 गिरफ्तार... SIT जांच में जुटी, पीड़िताओं की पहचान जारी

एजेंसी | अमरावती

महाराष्ट्र के अमरावती जिले के परतवाड़ा क्षेत्र में सामने आए कथित सेक्स स्कैंडल ने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तेज कार्रवाई करते हुए अब तक 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि अन्य संदिग्धों से पूछताछ जारी है। मुख्य आरोपी मोहम्मद आयान के घर पर प्रशासन ने बुलडोजर कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में अयान अहमद, उजैर खान, मोहम्मद साद और तरबेज खान शामिल हैं, जो अचलपुर और परतवाड़ा इलाके के रहने वाले बताए जा रहे हैं। जांच में सामने आया है कि मुख्य आरोपी ने शहर में किराए का कमरा लिया था, जहां लड़कियों को लाकर उनका शोषण



किया जाता था और कथित तौर पर अश्लील वीडियो बनाए जाते थे। शुरुआती जांच में कुछ वीडियो बरामद भी हुए हैं, जबकि कई डिलीट किए गए वीडियो को रिकवर करने की कोशिश जारी है।

### SIT का गठन, डिजिटल सबूत खंगाले जा रहे

मामले की जांच के लिए 47 सदस्यीय विशेष जांच दल (SIT) का गठन किया गया है, जिसका नेतृत्व आईपीएस अधिकारी शुभम कुमार कर रहे हैं। टीम में क्राइम ब्रांच, महिला अधिकारी और तकनीकी विशेषज्ञ शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से मोबाइल, लैपटॉप समेत कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए हैं, जिनकी फॉरेंसिक जांच की जा रही है।

### पीड़िताओं की पहचान और गोपनीयता पर जोर

अब तक कुछ पीड़िताओं की पहचान हो चुकी है, जबकि अन्य के सामने आने की संभावना जताई जा रही है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सभी पीड़िताओं की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी और उन्हें बिना डर के सामने आने के लिए कहा गया है।

### '180 पीड़िताओं' के दावे पर अभी पुष्टि नहीं

कुछ रिपोर्ट्स में 180 पीड़िताओं और सैकड़ों वीडियो का दावा किया गया है, लेकिन पुलिस ने फिलहाल इस आंकड़े की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। जांच एजेंसियां पूरे नेटवर्क की गहराई से जांच कर रही हैं और आने वाले दिनों में और खुलासों की संभावना है।

## मैं नहीं बन रहा कार्यकारी अध्यक्ष : आदित्य ठाकरे

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता आदित्य ने खुद को पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने की खबरों का सिरे से खंडन किया है। उन्होंने कहा कि इस तरह की खबरों में कोई सच्चाई नहीं है और पार्टी में इस विषय पर कोई चर्चा भी नहीं हुई है। आदित्य ठाकरे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए कहा कि सुबह से कुछ टीवी चैनलों पर उनके किसी नए पद पर नियुक्ति की खबरें चलाई जा रही हैं, लेकिन यह पूरी तरह निराधार हैं। दरअसल, हाल ही में कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि आदित्य ठाकरे को पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया जा सकता है। यह वही पद है, जिसे उनके पिता और पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने भी संभाला था, जब उन्होंने बाल ठाकरे के बाद पार्टी की कमान संभाली थी। वहीं, राज्यसभा सांसद संजय राउत ने कहा कि ऐसे फैसले पार्टी प्रमुख द्वारा लिए जाते हैं।



### पार्टी प्राइवेट लिमिटेड : संजय शिरसाट

इस बीच, महाराष्ट्र सरकार में मंत्री संजय शिरसाट ने इन खबरों के बहाने शिवसेना (यूबीटी) पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी "प्राइवेट लिमिटेड" बन गई है और वरिष्ठ नेताओं के पास कोई अधिकार नहीं रह गया है। उन्होंने यह भी कहा कि आदित्य ठाकरे अभी पार्टी का नेतृत्व संभालने के लिए पर्याप्त परिपक्व नहीं हैं। गौरतलब है कि शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) का गठन एकनाथ शिंदे की बगावत के बाद हुआ था।

## बीएमसी मुख्यालय में चोरी, नगरसेवक के पर्स से 20 हजार गायब



डीबीडी संवाददाता | मुंबई

बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) मुख्यालय में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करने वाली एक घटना सामने आई है। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) की नगरसेवक लक्ष्मी भाटिया ने आरोप लगाया है कि स्टैंडिंग कमेटी हॉल के अंदर उनके पर्स से 20,000 चोरी हो गए। यह घटना बीएमसी मुख्यालय की पहली मंजिल पर स्थित उस हॉल में हुई, जहां निगम के अहम वित्तीय फैसले लिए जाते हैं। नगरसेवक के अनुसार, बैठक समाप्त होने के बाद वह पास के कमरे में भोजन के लिए गई थीं और अपना पर्स सीट पर ही छोड़ दिया था। कुछ देर बाद लौटने पर उन्होंने देखा कि पर्स खुला हुआ था और उसमें रखे 20,000 गायब थे। पर्स के अंदर का कुछ सामान, जैसे चार्जर, बाहर बिखरा पड़ा मिला।

### नगरसेवक ने तुरंत बीएमसी के सुरक्षा विभाग को इसकी जानकारी दी

घटना के बाद नगरसेवक ने तुरंत बीएमसी के सुरक्षा विभाग को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हॉल के अंदर सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हैं, जिससे जांच में कठिनाई आ सकती है। हालांकि, अभी तक इस मामले में औपचारिक पुलिस शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। नगरसेवक ने इस घटना की जानकारी मुंबई की मेयर रीतु तावड़े और स्टैंडिंग कमेटी के अध्यक्ष प्रभाकर शिंदे को भी दी है।

### बीएमसी मुख्यालय की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठने लगे

इस घटना के बाद बीएमसी मुख्यालय की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। नगरसेवक ने कहा कि यदि जनप्रतिनिधियों का सामान भी सुरक्षित नहीं है, तो आम नागरिकों की सुरक्षा को लेकर चिंता स्वाभाविक है। उन्होंने यह भी बताया कि बैठक के दौरान महिला नगरसेवक अक्सर अपना पर्स हॉल में ही छोड़कर बाहर जाती हैं, जिससे सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की जरूरत है।

# महाराष्ट्र में भीषण गर्मी का कहर

## मुंबई समेत कई जिलों में अलर्ट, पारा 42 डिग्री के पार जाने की आशंका

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

अप्रैल के आगाज के साथ ही महाराष्ट्र में सूर्य देव के तेवर तल्ख हो गए हैं। भारतीय मौसम विभाग (IMD) के अनुसार, राज्य के बड़े हिस्से में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस की लक्ष्मण रेखा को लांघ चुका है। विदर्भ, मराठवाड़ा और पश्चिम महाराष्ट्र में लू (हीटवेव) के चलते जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। आने वाले 4 दिनों में गर्मी का यह प्रकोप और भी विकराल रूप धारण कर सकता है।

### मुंबई-कोंकण: उमस ने बढ़ाई बेचैनी

राजधानी मुंबई में पारा भले ही विदर्भ जितना ऊंचा न हो, लेकिन अत्यधिक नमी (ह्यूमिडिटी) ने स्थिति को कष्टदायक बना दिया है। उमस के कारण वास्तविक तापमान से कहीं अधिक गर्मी महसूस हो रही है। मौसम विभाग ने मुंबई, ठाणे, पालघर और रायगढ़ के लिए येलो अलर्ट जारी करते हुए नागरिकों को सचेत रहने की सलाह दी है। दोपहर के समय गर्म हवाएं और तेज धूप स्वास्थ्य के लिए बड़ा खतरा बनकर उभर रही हैं।

### प्रशासन सतर्क, अस्पतालों को निर्देश

भीषण गर्मी और लू की आशंका को देखते हुए राज्य प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। स्वास्थ्य विभाग ने सभी जिला अस्पतालों को हीट-स्ट्रोक के मरीजों के लिए विशेष वार्ड तैयार रखने के निर्देश दिए हैं। स्कूलों के लिए भी विशेष गाइडलाइन जारी की गई है ताकि बच्चों को लू से बचाया जा सके। खुले में काम करने वाले मजदूरों के लिए कार्य समय में बदलाव के सुझाव भी दिए गए हैं।



### विशेषज्ञों की सलाह: सावधानी ही बचाव

मौसम विशेषज्ञों और डॉक्टरों ने नागरिकों के लिए निम्नलिखित दिशा-निर्देश जारी किए हैं:

1. दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे के बीच अत्यंत आवश्यक होने पर ही घर से बाहर निकलें।
2. शरीर में पानी की कमी न होने दें; पर्याप्त मात्रा में जल, नींबू पानी या ओआरएस का सेवन करें।
3. बाहर निकलते समय हल्के रंग के सूती कपड़ों का प्रयोग करें और सिर को ढंक कर रखें।
4. बुजुर्गों और बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष नजर रखें।

महाराष्ट्र इस समय प्रकृति की मार झेल रहा है। ऐसे में प्रशासन और मौसम विभाग की चेतावनियों को गंभीरता से लेना अनिवार्य है।

# शादी के नाम पर ठगी का खेल बेनकाब लुटेरी दुल्हन समेत दो गिरफ्तार

**डीबीडी संवाददाता । मीरारोड**

मीरा रोड के काशिमीरा इलाके में शादी के नाम पर ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक संगठित गिरोह ने दूल्हे को अपने जाल में फंसाकर लाखों रुपये के गहने और कीमती सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गिरोह के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर पूरे रैकेट का खुलासा किया है।

### कई शहरों में फैला नेटवर्क



पुलिस के अनुसार, गिरोह ने संगमनेर, जोगेश्वरी, बोरीवली और पचोरा जैसे इलाकों में भी इसी तरह लोगों को निशाना बनाया है। शादी के नाम पर विश्वास जीतना और फिर चोरी कर फरार होना इनकी कार्यप्रणाली थी। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक राजेंद्र कांबले ने लोगों से अपील की है कि शादी के प्रस्तावों को स्वीकार करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल करें। अनजान लोगों को पैसे ट्रांसफर करने से बचें और किसी को भी घर में प्रवेश देने से पहले उसकी पूरी जानकारी सुनिश्चित करें।

### घर में घुसकर किया हाथ साफ

बाद में युवती ने भरोसा जीतकर पीड़ित के घर में प्रवेश किया और मौका पाकर सोने-चांदी के आभूषण, लैपटॉप समेत कुल 4.76 लाख रुपये के सामान लेकर फरार हो गई। शिकायत के बाद काशिमीरा पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की ।पुलिस ने 13 अप्रैल को नेहा अरुण खंडेलवाल उर्फ जन्नत (22) और केसरिमल लक्ष्मीलाल रांका (45) को गिरफ्तार किया। जांच में सामने आया कि यह गिरोह लंबे समय से इसी तरह की वारदातों को अंजाम दे रहा था।

### शादी का झांसा देकर बनाई योजना

पीड़ित सेचलकुमार बंगपांडी नादर (53), जो पेशे से एस्टेट एजेंट हैं, को आरोपियों ने शादी का प्रस्ताव देकर फंसाया। जुलाई 2025 से दिसंबर 2025 के बीच आरोपियों ने एक युवती की तस्वीर भेजकर रिश्ता तय करने का नाटक किया और अलग-अलग बैंक खातों में करीब 44,750 रुपये वसूले।

# सात समंदर पार अमोघ की उड़ान अंतरराष्ट्रीय कैंप के लिए चयन

**डीबीडी संवाददाता । नवी मुंबई**

नवी मुंबई महानगरपालिका स्कूल क्रमांक 120 के कक्षा 10वीं के छात्र अमोघ बनसोडे का चयन इंग्लैंड के डेवॉन में आयोजित होने वाले प्रतिष्ठित सीड्स ऑफ पीस इंटरनेशनल कैंप 2026 के लिए हुआ है। इस अंतरराष्ट्रीय शिविर में छात्रों को वैश्विक स्तर पर नेतृत्व, संवाद कौशल और शांति स्थापना से जुड़े विषयों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। अमोघ बनसोडे 18 जुलाई से 8 अगस्त 2026 के बीच इंग्लैंड में आयोजित इस कैंप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह उपलब्धि नवी मुंबई महानगरपालिका के लिए गर्व की बात है और अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत भी बनेगी। इस कार्यक्रम के लिए देश के 13 राज्यों से 300 से अधिक छात्रों ने आवेदन किया था, जिनमें से कड़ी चयन प्रक्रिया के बाद केवल 17 छात्रों को चुना गया, जिसमें अमोघ ने अपनी जगह बनाई।

### साधारण परिवार से असाधारण सफलता



रबाले निवासी अमोघ के पिता ट्रक चालक हैं, जबकि उनकी मां गृहिणी हैं। परिवार में कोई भी उच्च शिक्षित नहीं होने के बावजूद अमोघ ने अपनी मेहनत और लगन के बल पर यह बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उनके परिवार में दो बहनें हैं, जिनमें एक 12वीं कक्षा में और दूसरी द्वितीय वर्ष में पढ़ाई कर रही है। अमोघ की इस सफलता में स्कूल की मुख्याध्यापिका गोमती श्रीनिवासन और शिक्षक यश पंत, नूरसबा शेख तथा रुथ अनुग्रह का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। महापौर सुजाता पाटील, आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे और अतिरिक्त आयुक्त सुनील पवार ने अमोघ को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। अमोघ बनसोडे की इस सफलता से नवी मुंबई महानगरपालिका स्कूलों का गौरव और भी बढ़ गया है।

# शहर को मिला एक और क्रीड़ा संकुल

**डीबीडी संवाददाता । भाईंदर**

मीरा भाईंदर महानगरपालिका द्वारा भाईंदर (पश्चिम) में निर्मित पीएचजी जैनाचार्य श्री विजय अभयदेव सूरीश्वरजी खेल परिसर एवं सभागार भवन का उद्घाटन 15 अप्रैल को उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम विधायक नरेंद्र मेहता के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसमें महापौर डिंपल मेहता, आयुक्त राधाबिनोद शर्मा, उप महापौर ध्रुवकिशोर पाटिल तथा स्थायी समिति अध्यक्ष हसमुख गहलोत उपस्थित रहे। यह चार मंजिला अत्याधुनिक खेल परिसर नागरिकों को एक ही स्थान पर विविध खेल और स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों की सुविधा प्रदान करेगा। प्रथम तल पर विशाल बहुउद्देशीय सभागार बनाया गया है, जहां सामाजिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ योग, एरोबिक्स और जिम्नास्टिक जैसी गतिविधियां आयोजित की जा सकेंगी। द्वितीय तल पर स्क्वैश, कैरम, शतरंज, टेबल टेनिस सहित इनडोर खेलों और सुसज्जित जिम की व्यवस्था की गई है। तृतीय तल पर स्क्वैश कोर्ट, ताइक्वांडो और बॉक्सिंग कोर्ट उपलब्ध हैं, जबकि चतुर्थ तल पर आधुनिक क्रिकेट टर्फ विकसित किया गया है। इसके अतिरिक्त छत पर बैडमिंटन कोर्ट, स्पोर्ट्स बार और किचन की सुविधा भी दी गई है।

### निर्माण पर 42 करोड़ से अधिक खर्च



आधिकारिक जानकारी के अनुसार, 11 सितंबर 2019 को गजानन कंस्ट्रक्शन कंपनी को इस परियोजना का ठेका दिया गया था। इस चार मंजिला भवन के निर्माण पर मनपा द्वारा लगभग 42 करोड़ 12 लाख रुपये खर्च किए गए हैं। महापौर डिंपल मेहता ने कहा कि यह खेल परिसर शहर के युवाओं और खेल प्रेमियों को उच्च गुणवत्ता की सुविधाएं प्रदान करेगा, जिससे उनके सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहन मिलेगा। विधायक नरेंद्र मेहता के अनुसार, यह परिसर शहर के लिए मजबूत खेल और सांस्कृतिक अवसंरचना के रूप में कार्य करेगा और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायक साबित होगा। यहां छात्रों, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों को सुरक्षित एवं आधुनिक वातावरण में गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। आयुक्त राधाबिनोद शर्मा ने कहा कि महानगरपालिका शहर के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है और ऐसे आधुनिक बुनियादी ढांचे के माध्यम से नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

# एटीएम कार्ड धोखाधड़ी का अंतरराज्यीय गिरोह बेनकाब

**▶▶ मुख्य आरोपी गिरफ्तार**

**डीबीडी संवाददाता । भाईंदर**

एमबीवीवी पुलिस आयुक्तालय अंतर्गत काशीगांव पुलिस थाना की अपराध शाखा ने शहर में सक्रिय एटीएम कार्ड धोखाधड़ी करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 4 अप्रैल को मीरा रोड स्थित कैनरा बैंक के एटीएम पर शिकायतकर्ता सुप्रिया चौहान अपनी मां के साथ पैसे निकालने गई थीं। इसी दौरान वहां मौजूद एक दाढ़ी वाले व्यक्ति ने एटीएम खराब होने का बहाना बनाकर चालाकी से उनका कार्ड बदल लिया और बाद में दूसरे एटीएम से 74,500 रुपये निकालकर फरार हो गया। पीड़िता ने इस संबंध में काशीगांव पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई।

### महिलाओं और बुजुर्गों को बनाते थे निशाना



पुलिस उपायुक्त (जोन-1) राहुल पटिल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी अपने साथी किस्मत बरकत अली शेख के साथ मिलकर मुख्यतः महिलाओं और बुजुर्गों को निशाना बनाता था। आरोपी झा के खिलाफ मुंबई, ठाणे, नासिक, पालघर, रायगढ़ सहित उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में 60 से अधिक धोखाधड़ी के मामले दर्ज हैं, जबकि फरार आरोपी किस्मत शेख पर 25 से ज्यादा मामले हैं। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी ने पिछले एक महीने में मुंबई, ठाणे और नवी मुंबई सहित कई स्थानों पर इसी तरह की वारदातों को अंजाम दिया। अब तक 10 से 12 मामलों का खुलासा हो चुका है। आरोपी कई जिलों की पुलिस के लिए वांछित था, जबकि उसका साथी अभी भी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

### डोम्बिवली से आरोपी गिरफ्तार

वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक राहुल पाटिल के नेतृत्व में अपराध शाखा की टीम ने तकनीकी जांच और पुख्ता सबूतों के आधार पर 12 अप्रैल को डोम्बिवली से मुख्य आरोपी दीपक उर्फ बिपिन झा को उसके निवास स्थान से गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके पास से 50,000 रुपये नकद, 6 एटीएम कार्ड और एक हैंडबैग बरामद किया है।

# हापुस आम हुआ सस्ता

**▶▶ एपीएमसी में कीमतों में गिरावट**
**▶▶ 1500 रुपये से पेटी उपलब्ध**

**डीबीडी संवाददाता । नवी मुंबई**

कोंकण क्षेत्र से हापुस आम की आवक बढ़ने के कारण नवी मुंबई के वाशी एपीएमसी बाजार में आम के दामों में उल्लेखनीय गिरावट आई है। सीजन की शुरुआत में जहां कीमतें काफी ऊंची थीं, वहीं अब उनमें कमी आने से व्यापारियों और ग्राहकों को राहत मिली है।



### रोजाना करीब 50 हजार पेटियों की आवक

मुंबई महानगर क्षेत्र के प्रमुख फल बाजार वाशी एपीएमसी में इन दिनों रोजाना लगभग 50 हजार पेटियां हापुस आम की कोंकण से पहुंच रही हैं। शुरुआत में आपूर्ति कम थी, लेकिन अब धीरे-धीरे स्थिति सामान्य हो रही है, ऐसा व्यापारियों का कहना है। फिलहाल हापुस आम की एक पेटी की कीमत 1,500 रुपये से लेकर 5,000 रुपये तक है। आम के आकार और गुणवत्ता के अनुसार कीमत तय होती है। एक पेटी में आमों की संख्या भी उनके आकार पर निर्भर करती है। फरवरी और मार्च में सीमित आवक के कारण यही कीमत 8,000 रुपये से भी अधिक हो गई थी, लेकिन अब आपूर्ति बढ़ने से दाम में अच्छी-खासी गिरावट आई है।

### रत्नागिरी-देवगढ़ से बढ़ी सप्लाई

रत्नागिरी और देवगढ़ जैसे प्रमुख उत्पादक क्षेत्रों से बड़े पैमाने पर आम बाजार में आ रहे हैं, जिससे सप्लाई बेहतर हुई है। बाजार में उपलब्ध आम की गुणवत्ता भी अच्छी बताई जा रही है, जिनका रंग, सुगंध और पकाव साफ नजर आ रहा है। इस साल कोंकण में मौसम के बदलाव के कारण आम का सीजन करीब तीन हफ्ते देरी से शुरू हुआ। सर्दियों में अनियमित तापमान का असर फूल और उत्पादन पर पड़ा, ऐसा व्यापारियों का कहना है।

### खुदरा बाजार में भी सस्ते होंगे आम

एपीएमसी में कीमत घटने का असर आने वाले दिनों में मुंबई और ठाणे के खुदरा बाजारों में भी दिख सकता है। इससे ग्राहकों को आम अपेक्षाकृत कम कीमत पर मिलने की उम्मीद है। हालांकि अभी कीमतें कम हैं, लेकिन 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया के चलते मांग बढ़ने की संभावना है, जिससे दाम फिर से बढ़ सकते हैं ।विशेषज्ञों के अनुसार अप्रैल के अंत और मई की शुरुआत में आम की आवक और बढ़ेगी, जिससे ग्राहकों को बेहतर गुणवत्ता के आम किफायती दाम में मिल सकते हैं।

# नवी मुंबई में 13 हजार महिलाओं के लिए सैनिटरी पैड आपूर्ति की तैयारी

**▶▶ तीन साल के लिए 3.29 करोड़ रुपये का प्रस्ताव**
**▶▶ स्कूलों और पुस्तकालयों में सुविधा होगी बहाल**

**डीबीडी संवाददाता । नवी मुंबई**

शहर की महिलाओं और छात्राओं के लिए एक महत्वपूर्ण पहल के तहत महानगरपालिका प्रशासन ने सैनिटरी पैड की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। समाज विकास विभाग ने तीन वर्षों के लिए 3.29 करोड़ रुपये का प्रस्ताव तैयार किया है, जिससे हजारों महिलाओं को सीधा लाभ मिलेगा।

### हर महीने 1 लाख से अधिक पैड की जरूरत



इस योजना के तहत हर महीने करीब 1.04 लाख सैनिटरी पैड की आवश्यकता होगी। प्रति पैड 8.80 रुपये की दर से मासिक खर्च लगभग 9.15 लाख रुपये, वार्षिक खर्च 1.09 करोड़ रुपये और तीन वर्षों में कुल 3.29 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। इस योजना का खर्च महिला एवं बाल कल्याण मद से किया जाएगा। आपूर्ति के लिए ई-टेंडर प्रक्रिया अपनाई जाएगी, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। विशेषज्ञों के अनुसार, मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने और संक्रमण से बचाव के लिए इस तरह की सुविधाएं बेहद जरूरी हैं। खासकर स्कूलों की छात्राओं के लिए यह पहल उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने और पढ़ाई में बाधा न आने में सहायक साबित होगी।

### अनुबंध समाप्त होने से प्रभावित हुई सेवा

महानगरपालिका के 67 स्कूलों और 24 पुस्तकालयों में कुल 96 स्थानों पर सैनिटरी वेंडिंग मशीनें स्थापित हैं। इन मशीनों के माध्यम से छात्राओं, शिक्षिकाओं और अन्य महिलाओं को सैनिटरी पैड उपलब्ध कराए जाते हैं। हालांकि, मौजूदा अनुबंध समाप्त होने के कारण पैड की आपूर्ति में बाधा आई, जिससे लगातार शिकायतें सामने आ रही थीं। नई योजना के तहत कक्षा 6 से 10 तक की 12,427 छात्राओं के साथ-साथ महिला कर्मचारियों और पुस्तकालयों की 573 महिलाओं को मिलाकर लगभग 13 हजार लाभार्थियों को शामिल किया गया है। प्रस्ताव के अनुसार, प्रत्येक महिला को हर महीने कम से कम 8 सैनिटरी पैड उपलब्ध कराए जाएंगे।

# पुणे से तिरुपति, मंगलुरु समेत कई शहरों के लिए नई उड़ानें

**डीबीडी संवाददाता । पुणे**

पुणे के लोहेगांव अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से हवाई यात्रियों के लिए बड़ी राहत भरी खबर आई है। एयरपोर्ट की क्षमता बढ़ाते हुए 15 नए फ्लाइट स्लॉट्स को मंजूरी मिल गई है, जिससे अब रोजाना उड़ानों की संख्या 220 से बढ़कर 235 हो जाएगी।

### 1 मई से शुरू होगा नया शेड्यूल




केंद्रीय नागर विमानन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल के प्रयासों के बाद इन नए स्लॉट्स को मंजूरी मिली है। सभी स्लॉट्स दिन के समय के लिए दिए गए हैं, जिससे यात्रियों को अधिक सुविधा मिलेगी। नई उड़ान सेवाएं 1 मई 2026 से शुरू होंगी। नए शेड्यूल के तहत पुणे से अब तिरुपति, सोलापुर और मंगलुरु जैसे महत्वपूर्ण शहरों के लिए सीधी उड़ानें उपलब्ध होंगी। इससे धार्मिक और व्यापारिक यात्राओं को बड़ा बढ़ावा मिलेगा। एयरपोर्ट निदेशक संतोष ढोके के अनुसार, यह विस्तार केंद्र सरकार की उड़ान योजना के तहत क्षेत्रीय कनेक्टिविटी मजबूत करने का हिस्सा है। पहले से ही पुणे नांदेड़, किशनगढ़, सिंधुदुर्ग और जलगांव जैसे शहरों से जुड़ा हुआ है, और अब नए रूट्स से नेटवर्क और मजबूत होगा।

### यात्रियों को बड़ा फायदा

अब तक मंगलुरु या अन्य शहरों के लिए यात्रियों को मुंबई या बेंगलुरु होकर जाना पड़ता था, जिससे समय और खर्च दोनों बढ़ते थे। नई सीधी उड़ानों के शुरू होने से यात्रा का समय 3 से 4 घंटे तक कम हो जाएगा। खासतौर पर तिरुपति जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए यह सुविधा बेहद लाभदायक साबित होगी। इस विस्तार से पुणे एयरपोर्ट न केवल यात्रियों के लिए सुविधाजनक बनेगा, बल्कि पर्यटन और व्यापार को भी नई गति मिलने की उम्मीद है।

# ठाणे में कांग्रेस का 'संगठन निर्माण अभियान' शुरू

**▶▶ पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए केंद्रीय टीम सक्रिय**
**▶▶ जल्द होंगे नए पदाधिकारियों के चयन**

**डीबीडी संवाददाता । ठाणे**

देश और राज्य स्तर पर संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने व्यापक अभियान की शुरुआत कर दी है। इसी कड़ी में 'संगठन निर्माण अभियान' के तहत ठाणे शहर में केंद्रीय टीम ने मोर्चा संभाल लिया है।



### हर स्तर पर संवाद, नई लीडरशिप की तलाश

केंद्रीय निरीक्षक नदीम जावेद ने बताया कि वर्ष 2025-2026 को कांग्रेस ने संगठन को समर्पित किया है। इसके तहत केंद्रीय टीम अगले चार से पांच दिनों तक हर विधानसभा क्षेत्र और ब्लॉक में जाकर पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद करेगी। इस प्रक्रिया के माध्यम से संघर्षशील और सक्रिय नेतृत्व को आगे लाने की योजना है। विधायक अभिजीत वंजारी ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के विजन के अनुसार पूरे राज्य में यह अभियान चलाया जा रहा है। इसमें क्षेत्रीय, शहर, ब्लॉक स्तर के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से व्यक्तिगत बातचीत कर उनकी राय ली जाएगी।

### जल्द होगी नियुक्तियों की घोषणा

जानकारी के अनुसार, 20 से 21 अप्रैल तक ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी को रिपोर्ट भेजी जाएगी। इसके बाद 10 मई तक जिले में नए पदाधिकारियों और जिला अध्यक्ष की नियुक्तियों की घोषणा की जाएगी। इस अभियान से पार्टी को जमीनी स्तर पर नई मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

### केंद्रीय टीम का दौरा पदाधिकारियों से संवाद

ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर शुरू हुए इस अभियान के तहत केंद्रीय निरीक्षक नदीम जावेद, राज्य निरीक्षक अभिजीत वंजारी, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश शर्मा और कोंकण प्रभारी गुरुबिंदर सिंह बच्चर ने ठाणे का दौरा किया। बुधवार को ठाणे कांग्रेस कार्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने अभियान की रूपरेखा साझा की। इस अवसर पर ठाणे कांग्रेस अध्यक्ष विक्रांत चव्हाण, मुख्य प्रवक्ता राहुल पिंगले, हिंदूराव गालवे समेत कई स्थानीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया।

# नवी मुंबई एयरपोर्ट पर तीसरे रनवे की तैयारी शुरू

## बढ़ती हवाई यातायात मांग को देखते हुए सिडको ने फीजिबिलिटी स्टडी के लिए कंसल्टेंट नियुक्त किया

**डीबीडी संवाददाता । नवी मुंबई**

मुंबई महानगर क्षेत्र में तेजी से बढ़ती हवाई यात्रा की मांग को ध्यान में रखते हुए सिडको ने नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर तीसरे रनवे के विकास की दिशा में अहम कदम उठाया है। इसके लिए टेक्नो-कमर्शियल फीजिबिलिटी स्टडी कराने का निर्णय लिया गया है।

### आरआईटीईएस–क्रिएटिव ग्रुप जेवी को मिली जिम्मेदारी



इस अध्ययन के लिए RITES Limited और क्रिएटिव ग्रुप के संयुक्त उपक्रम (जेवी) को सलाहकार नियुक्त किया गया है। यह अध्ययन अगले छह महीनों में पूरा होने की संभावना है। 15 अप्रैल 2026 को सिडको के उपाध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक विजय सिंघल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसमें परियोजना के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### विश्वस्तरीय एविएशन हब बनाने की योजना

विजय सिंघल ने बताया कि नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विश्वस्तरीय एविएशन हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। तीसरे रनवे का प्रस्ताव एयरपोर्ट की क्षमता और संचालन दक्षता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण साबित होगा। यह हवाई अड्डा छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा के साथ मिलकर ड्यूल एयरपोर्ट सिस्टम का हिस्सा बनेगा। परियोजना की कुल क्षमता 90 मिलियन यात्रियों और 3.2 मिलियन टन कार्गो सालाना संभालने की है।

### भविष्य की बढ़ती मांग को ध्यान में रखकर योजना

करीब 1,160 हेक्टेयर में विकसित हो रहे इस एयरपोर्ट में दो समानांतर रनवे और चार टर्मिनल चरणबद्ध तरीके से तैयार किए जा रहे हैं। वर्तमान में मुंबई महानगर क्षेत्र की आबादी 2 करोड़ से अधिक है और 2040 तक हवाई यातायात 150 मिलियन यात्रियों तक पहुंचने का अनुमान है, जो आगे 2047–2050 तक 240 मिलियन तक जा सकता है।

### फीजिबिलिटी स्टडी से तय होगा आगे का रास्ता

यह अध्ययन तीसरे रनवे की तकनीकी, पर्यावरणीय, परिचालन और वित्तीय व्यवहार्यता का विस्तृत आकलन करेगा। इससे क्षेत्र की विमानन अवसंरचना को मजबूत करने और भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए ठोस योजना तैयार की जा सकेगी।

# 33% महिला आरक्षण से बदलेगा भारत, 'नारी शक्ति' बनेगी विकास की धुरी: फडणवीस

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

देवेंद्र फडणवीस ने कहा है कि देश के समग्र विकास के लिए महिलाओं को बराबरी का अधिकार देना अनिवार्य है। दादर स्थित योगी सभागृह में आयोजित नारी शक्ति महिला सम्मेलन में उन्होंने 33% महिला आरक्षण को देश के लिए 'गेमचेंजर' बताया। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि महिला आरक्षण लागू होने से संसद में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी और इससे देश में नई क्रांति का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत की प्रगति में नारी शक्ति की भूमिका निर्णायक होगी।



## फिल्म जगत ने भी की सराहना

कार्यक्रम में मौजूद अभिनेत्री रवीना टंडन ने केंद्र सरकार की नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि आज महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के अवसर मिल रहे हैं। वहीं प्राजक्ता माली ने कहा कि बीते वर्षों में महिलाओं की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और आगे भी समान अवसर सुनिश्चित करने की जरूरत है। समारोह में वक्ताओं ने एकमत से कहा कि महिलाओं को समान अधिकार और अवसर मिलने से ही भारत का भविष्य मजबूत होगा। सम्मेलन में विभिन्न क्षेत्रों से आई महिलाओं ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए सशक्तिकरण के महत्व पर जोर दिया।

## पूर्व प्रधानमंत्रियों के प्रयासों का जिक्र

फडणवीस ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी और मनमोहन सिंह ने भी महिला आरक्षण लागू करने का प्रयास किया, लेकिन परिस्थितियों के कारण यह संभव नहीं हो पाया। उन्होंने बताया कि नरेंद्र मोदी ने 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसे अभियानों के जरिए महिलाओं के सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज महिलाएं सेना, अंतरिक्ष और प्रशासन सहित हर क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। उन्होंने इसे विकसित भारत की दिशा में सकारात्मक संकेत बताया।

### आंबेडकर जयंती पर खूनी बवाल

# DJ डांस के दौरान विवाद, युवक की चाकू मारकर हत्या

डीबीडी संवाददाता | मुंबई/चंद्रपुर

आंबेडकर जयंती के जश्न के बीच महाराष्ट्र के चंद्रपुर में हिंसा की सनसनीखेज घटना सामने आई है। गांधी चौक पर DJ डांस के दौरान मामूली विवाद ने देखते ही देखते खूनी रूप ले लिया, जिसमें एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक, आंबेडकर जयंती के मौके पर बड़ी संख्या में लोग गांधी चौक पर जश्न मना रहे थे। इसी दौरान डांस करते वक्त हल्का धक्का लगने को लेकर दो गुटों में कहासुनी हो गई। कुछ ही देर में यह विवाद हिंसक झगड़े में बदल गया।



## चाकू से हमला, एक की मौत

आरोप है कि झगड़ा बढ़ने पर कुछ युवकों ने चाकू निकालकर हमला कर दिया। इस हमले में रविकांत उर्फ रिकी विनायक टेंभुरकर (40) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं 21 वर्षीय अनिकेत गलबले गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका अस्पताल में इलाज जारी है।

## इलाके में अफरा-तफरी, पुलिस ने संभाला मोर्चा

घटना के बाद इलाके में भगदड़ मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, जबकि घायल युवक का इलाज जारी है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एक आरोपी अस्पताल में भर्ती है और पुलिस निगरानी में है, जबकि एक अन्य आरोपी फरार बताया जा रहा है। इस मामले में एक नाबालिग के शामिल होने की भी जानकारी सामने आई है।

# अबू सलेम को HC से झटका रिहाई की मांग खारिज

● जेल में ही रहेगा 1993 के धमाकों का दोषी

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

1993 के मुंबई सिलसिलेवार बम धमाकों के दोषी गैंगस्टर अबू सलेम को बॉम्बे हाई कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। अदालत ने उसकी समय से पहले रिहाई की याचिका को खारिज कर दिया है और स्पष्ट किया कि फिलहाल सजा पूरी होने का दावा स्वीकार नहीं किया जा सकता। अबू सलेम ने अपनी याचिका में कहा था कि 2005 में पुर्तगाल से प्रत्यर्पण के दौरान यह आश्वासन दिया गया था कि उसे 25 साल से ज्यादा जेल में नहीं रखा जाएगा। उसने अच्छे व्यवहार



के आधार पर मिलने वाली छूट को जोड़ते हुए सजा पूरी होने का दावा किया था।हालांकि कोर्ट ने इस दलील को खारिज करते हुए कहा कि सजा में छूट की गणना रिहाई के समय के करीब ही की जाती है, न कि पहले से।

## कोर्ट ने कहा-याचिका समय से पहले

हाई कोर्ट की खंडपीठ ने साफ कहा कि इस स्तर पर रिहाई या सजा में छूट पर विचार करना "अपरिपक्व" है। अदालत ने सुप्रीम कोर्ट के पुराने फैसले का हवाला देते हुए कहा कि अभी यह नहीं माना जा सकता कि 25 साल की सजा पूरी हो चुकी है। सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से कहा गया कि अबू सलेम ने अभी तक करीब 19 साल ही जेल में बिताए हैं। ऐसे में उसकी रिहाई की मांग समय से पहले की गई है और इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता।

## टाडा कोर्ट ने सलेम को सुनाई है उम्रकैद की सजा

गौरतलब है कि 1993 मुंबई बम धमाके के मामले में टाडा कोर्ट ने अबू सलेम को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। इसके अलावा वह कई अन्य आपराधिक मामलों में भी दोषी है और फिलहाल मुंबई की तलोजा जेल में बंद है। फिलहाल हाई कोर्ट के इस फैसले के बाद अबू सलेम को तत्काल कोई राहत नहीं मिली है। हालांकि, कानूनी जानकारों के अनुसार, सजा की अवधि पूरी होने के करीब आने पर वह दोबारा राहत के लिए अदालत का दरवाजा खटखटा सकता है।

# 'अयान पर चला बुलडोजर, तो अशोक खरात पर क्यों नहीं?': यशोमती ठाकुर

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



अमरावती के परतवाड़ा में सामने आए यौन शोषण मामले के मुख्य आरोपी पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई के बाद अब राजनीति गरमा गई है। आरोपी मोहम्मद अयान के घर पर बुलडोजर चलाए जाने के बीच कांग्रेस नेता यशोमती ठाकुर ने सरकार पर भेदभाव का आरोप लगाते हुए नासिक के आरोपी अशोक खरात के खिलाफ भी इसी तरह की कार्रवाई की मांग उठाई है। अचलपुर नगरपालिका ने नोटिस जारी करने के बाद आरोपी के घर पर कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण को जेसीबी से ध्वस्त किया। भारी पुलिस बंदोबस्त के बीच घर के हिस्सों-खासकर सीढ़ियों और ऊपरी ढांचे-को तोड़ा गया। मौके पर बड़ी संख्या में लोग जमा हुए और आरोपी के खिलाफ नारेबाजी भी की गई। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस से मुलाकात कर मामले में MCOCA के तहत कार्रवाई और SIT जांच की मांग भी दोहराई।कांग्रेस नेता यशोमती ठाकुर ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यदि अमरावती में आरोपी के खिलाफ बुलडोजर कार्रवाई हो सकती है, तो नासिक के कथित जालसाज अशोक खरात पर ऐसी सख्ती क्यों नहीं दिखाई जा रही।

# सौर ऊर्जा से किसानों को दिन में बिजली, महावितरण की पहल बनी मिसाल

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र में सौर ऊर्जा के जरिए किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध कराने की दिशा में महावितरण की पहल देशभर के लिए मिसाल बनती जा रही है। मध्यप्रदेश बिजली कंपनी के अधिकारियों ने अध्ययन दौरे के दौरान इन योजनाओं की सराहना करते हुए इसे अन्य राज्यों के लिए 'दिशादर्शक' बताया।

मध्यप्रदेश के अधिकारियों के दल ने बुधवार को मुंबई स्थित महावितरण मुख्यालय 'प्रकाशगड' में योजनाओं की विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान सौर ऊर्जा से कृषि पंपों को बिजली आपूर्ति की प्रक्रिया और उसके लाभों पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। अधिकारियों ने



कहा कि किसानों को दिन में बिजली देने की यह पहल बेहद प्रभावी और अनुकरणीय है।

## सौर कृषि पंपों में महाराष्ट्र अग्रणी

'मागेल त्याला सौर कृषिपंप' योजना समेत अन्य योजनाओं के जरिए राज्य में अब तक 9.17 लाख से अधिक सौर कृषि पंप स्थापित किए जा चुके हैं। देशभर में लगाए गए ऑफ-ग्रिड सौर पंपों में से करीब 64 प्रतिशत महाराष्ट्र में ही हैं। वर्तमान में राज्य के 73 प्रतिशत यानी 32.76 लाख कृषि पंपों को दिन में बिजली आपूर्ति की जा रही है। यह मॉडल किसानों को सस्ती, स्थिर और पर्यावरण अनुकूल ऊर्जा देने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है, जिसे अन्य राज्य भी अपनाने की तैयारी में हैं।

## लाखों किसानों को मिल रहा फायदा

मुख्यमंत्री सौर कृषिवाहिनी योजना 2.0 के तहत अब तक 3,187 कृषि फीडरों का सौर ऊर्जा से विद्युतीकरण किया जा चुका है। इससे राज्य के करीब 12.82 लाख किसानों को सिंचाई के लिए दिन में 4,779 मेगावाट बिजली मिल रही है। यह योजना न केवल किसानों की सुविधा बढ़ा रही है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूत कर रही है।


## रोजगार और बचत दोनों में बढ़ोतरी

इस योजना के तहत लगभग 65 हजार करोड़ रुपये का निवेश हो रहा है, जिससे 70 हजार से अधिक ग्रामीण रोजगार के अवसर भी सृजित हुए हैं। इसके अलावा महावितरण को बिजली खरीद में हर साल करीब 10 हजार करोड़ रुपये की बचत होने का अनुमान है, जबकि क्रॉस सब्सिडी का बोझ भी लगभग 13,500 करोड़ रुपये कम होगा।

# ड्रग्स पर मुंबई पुलिस का बड़ा वार: 26 लाख की एक्सटेसी जब्त

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई के नेस्को ग्राउंड में ड्रग्स ओवरडोज से दो छात्रों की मौत के बाद पुलिस ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। ड्रग्स नेटवर्क के खिलाफ अभियान तेज करते हुए एंटी नारकोटिक्स सेल ने साकीनाका इलाके से एक पेडलर को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार आरोपी की पहचान इरफान अली अंसारी के रूप में हुई है। उसके पास से करीब 200 एक्सटेसी पिल्स बरामद की गई हैं, जिनकी कीमत लगभग 26 लाख रुपये बताई जा रही है।पुलिस के अनुसार, इरफान को 2021 में एनसीबी ने ड्रग्स मामले में गिरफ्तार किया था। वह करीब 4 साल जेल में रहने के बाद एक साल पहले ही बाहर आया था। आरोपी के मोबाइल से कई संदिग्ध नंबर मिले हैं, जो



एक म्यूजिक पार्टी से जुड़े बताए जा रहे हैं। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि क्या नेस्को में हुई पार्टी में भी ड्रग्स सप्लाई की गई थी और इसके पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं।पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे 20 अप्रैल तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।

इसी बीच एनसीबी की मुंबई जोनल यूनिट ने एक अंतरराज्यीय तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए नागपुर से 210 किलो गांजा जब्त किया है। इसकी अनुमानित कीमत करीब 20 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

# महाप्रबंधक ने 11 कर्मचारियों को सुरक्षा पुरस्कार से किया सम्मानित

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मध्य रेल के महाप्रबंधक राजीव श्रीवास्तव ने छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, मुंबई में आयोजित एक समारोह में 11 कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट सुरक्षा कार्यों के लिए सम्मानित किया। इन कर्मचारियों ने ड्यूटी के दौरान सतर्कता और तत्परता दिखाते हुए संभावित दुर्घटनाओं को टालकर सुरक्षित रेल संचालन सुनिश्चित किया। पुरस्कार स्वरूप प्रत्येक कर्मचारी को पदक, प्रशस्ति पत्र, सुरक्षा प्रशंसा पत्र और 3,500 रुपये की नकद राशि प्रदान की गई। महाप्रबंधक ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि उनकी सजगता अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणादायक है।




## मुंबई और पुणे मंडल के कर्मचारी अग्रणी

मुंबई मंडल के प्रभात कुमार लाल, नितेश कानखेड़िया और गोपाल बटाटे ने समय पर सूचना देकर ब्रेक फेल और रेल फ्रैक्चर जैसी गंभीर स्थितियों को नियंत्रित किया। वहीं पुणे मंडल के प्रबीर कुमार दास ने स्टेशन पर लगी आग से 15-20 यात्रियों को बचाया, जबकि रमेश भालेराव और महेश कुमार मीणा ने तकनीकी खामियों की पहचान कर हादसे टाले।

## अन्य मंडलों का भी सराहनीय योगदान

भुसावल मंडल के राजेश कांबले और उदित प्रताप सिंह ने वैगन और ट्रैक में खराबी का समय रहते पता लगाया। सोलापुर मंडल के रमेश तनमोर और योगेंद्र कुमार ने ओएचई से जुड़ी समस्याओं की पहचान कर बड़ी दुर्घटनाओं को रोका। नागपुर मंडल के देवेंद्र ने गुड्स ट्रेन में आग लगने पर तुरंत कार्रवाई करते हुए ट्रेन रुकवाई। समारोह में प्रधान मुख्य सुरक्षा अधिकारी चंद्र किशोर प्रसाद सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने कहा कि रेलवे में सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और कर्मचारियों की ऐसी सतर्कता से ही यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित होती है।


**मध्य रेल**
**विद्युत कार्य**
**खुली ई-निविदा सूचना**
**क्र.02/2026 दिनांक 13.04.2026**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए प्रतिष्ठित ठेकेदारों से खुली ई-निविदा वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं। **क्रः- 1., कार्य का विवरणः-** इगतपुरी के टिटोली यार्ड में अप एवं डाउन R&D लाइन संख्या 8 पर पिट लाइन के विकास कार्य का विद्युतीकरण करने हेतु। **निविदा सूचना क्र. 02/2026 (BB.LG.W.IGP.2026.01), कार्य की औसत लागतः**-रु.1,33,33,237/-, **बोली प्रतिभूतिः**- रु. 2,66,700/-, **वैधताः**- 60 दिन, **समापन अवधिः**- 12 माह (समापन) **अनुदेशः- 1.** उपर्युक्त निविदा की बंद होने की तिथि एवं समय 04.05.2026 को 13.00 बजे और उसी दिन 13.00 बजे बाद खोली जाएगी। **2.** निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि निविदा के विस्तृत विवरण एवं शुद्धीपत्र, यदि कोई हो तो, की अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** को देखें। **3.** निविदाकर्ता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से केवल ऑनलाइन निविदा में भाग ले सकते हैं एवं मेनुअल रूप से निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। **4.** आगे की अधिक जानकारी के लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य) मध्य रेलवे एनेक्स विल्डिंग पहली मंजिल सी. एस. एम.टी. 400001 से संपर्क कर सकते हैं। **5.** यह निविदा, सार्वजनिक खरीद नीति आदेश 2017 दिनांक 15.06.2017 का अनुपालन करती है ।

**51**

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है

**मध्य रेल**
**रीवायरिंग कार्य**
**खुली ई-निविदा संख्याः**
**क्र. 01/2026 दिनांक 11.04.2026**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए प्रतिष्ठित ठेकेदारों से खुली ई-निविदा वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं।, **क्रः- 1, कार्य का विवरणः-** छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, मुंबई में नई एवं पुरानी एनेक्स बिल्डिंग तथा टी.एम. एस. बिल्डिंग में अधिकारियों के कक्षों और स्टाफ के बैठने की जगह की मरम्मत एवं नवीनीकरण हेतु रीवायरिंग और अन्य विविध रीवायरिंग कार्य करने हेतु। निविदा सूचना क्र. 01/2026 (BB.LG.W.CSMT.2026.01), **कार्य की औसत लागतः**-रु. 2,35,99,216/-, **बोली प्रतिभूतिः**- रु. 4,72,000/-, **वैधताः**- 60 दिन, **समापन अवधिः**- 18 माह (समापन). **अनुदेशः- 1.** उपर्युक्त निविदा की बंद होने की तिथि एवं समय 04.05.2026 को 13.00 बजे और उसी दिन 13.00 बजे बाद खोली जाएगी।, **2.** निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि निविदा के विस्तृत विवरण एवं शुद्धीपत्र, यदि कोई हो तो, की अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** को देखें।, **3.** निविदाकर्ता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से केवल ऑनलाइन निविदा में भाग ले सकते हैं एवं मेनुअल रूप से निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।, **4.** आगे की अधिक जानकारी के लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य) मध्य रेलवे एनेक्स बिल्डिंग पहली मंजिल सी.एस. एम.टी. 400001 से संपर्क कर सकते हैं।, 5. यह निविदा, सार्वजनिक खरीद नीति आदेश 2017 दिनांक 15.06.2017 का अनुपालन करती है।

**46**

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है


# 'डूबता महाराष्ट्र' का आरोप, महायुती सरकार पर कांग्रेस का हमला

● गृह मंत्री पद पर उठाए सवाल

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने भाजपा महायुती सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए राज्य की कानून-व्यवस्था और ड्रग्स के बढ़ते कारोबार को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र को 'उड़ता पंजाब' की तर्ज पर 'डूबता महाराष्ट्र' बनाने का पाप महायुती सरकार कर रही है और जनता इसे कभी माफ नहीं करेगी।

सपकाल ने दावा किया कि ड्रग्स का जाल अब सिर्फ मुंबई और पुणे तक




सीमित नहीं है, बल्कि तहसील स्तर तक फैल चुका है। उन्होंने कांडला बंदरगाह से महाराष्ट्र तक ड्रग्स कॉरिडोर संचालित होने का आरोप लगाया और कहा कि राजनीतिक संरक्षण के बिना यह संभव नहीं है।

तुलजापुर की तुलजाभवानी मंदिर का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि जिस स्थान की गहरी धार्मिक आस्था है, वहीं के जनप्रतिनिधि पर ड्रग्स रैकेट में शामिल होने के आरोप गंभीर सवाल खड़े करते हैं।

सपकाल ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनके परिवार पर भी अप्रत्यक्ष आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि एक मामले में शिंदे के रिश्तेदार के खेत में ड्रग्स फैक्ट्री चलने का आरोप सामने आया, जबकि सांसद श्रीकांत शिंदे के हस्तक्षेप से आरोपियों को बचाने की बात भी कही गई।

मुंबई के नेस्को परिसर का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि पुलिस स्टेशन के सामने ड्रग्स और शराब पार्टियां होना प्रशासन की विफलता को दर्शाता है। उन्होंने सीधे तौर पर मुख्यमंत्री और गृह मंत्री देवेंद्र फडणवीस को जिम्मेदार ठहराया।

सपकाल ने नासिक और अमरावती में महिलाओं के साथ यौन शोषण के मामलों का हवाला देते हुए कहा कि राज्य में महिलाओं की सुरक्षा भी खतरे में है। उन्होंने अशोक खरात मामले सहित कई घटनाओं का उल्लेख कर सख्त कार्रवाई की मांग की।

## पूर्णकालिक गृह मंत्री की मांग

कांग्रेस नेता ने कहा कि राज्य में पूर्णकालिक गृह मंत्री नहीं होने के कारण हालात बिगड़ रहे हैं। उन्होंने मांग की कि देवेंद्र फडणवीस को गृह मंत्री पद छोड़कर किसी सक्षम व्यक्ति को यह जिम्मेदारी सौंपनी चाहिए, ताकि कानून-व्यवस्था को प्रभावी ढंग से संभाला जा सके।


**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**हाइड्रोलिक इंजीनियर विभाग / उप हाइड्रोलिक इंजीनियर (भांडुप कॉम्प्लेक्स)**

**ई-निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| बिड आमंत्रण क्रमांक | 2026_MCGM_1292768_1 |
| विषय | केमिकल सेक्शन के अंतर्गत उप हाइड्रोलिक इंजीनियर (भांडुप कॉम्प्लेक्स) के अधीन PAC हाउस के क्लोरीन ड्रम रूम में पुराने बैंजो प्रकार के शटर को हटाकर उसके स्थान पर कोलैप्सिबल गेट (02 संख्या) लगाना तथा संबंधित कार्य करना और बैंजो प्रकार के शटर के साथ कोलैप्सिबल गेट (01 संख्या) की मरम्मत, सर्विसिंग एवं ओवरहॉलिंग करना। |
| निविदा बिक्री | दिनांकः 16.04.2026 को 11.00 बजे से<br>दिनांकः 06.05.2026 को 16.00 बजे तक |
| वेबसाइट | https://mahatenders.gov.in |
| संपर्क अधिकारी | सहायक अभियंता (केमिकल) बी. सी. |
| अ) नाम | श्री बी. डी. रहाटे, संपर्क क्र. - 9819977542, (022-25658541, 022-25658512) |
| द) ई-मेल पता | i) aechembc.he@mcgm.gov.in<br>ii) eetcwbc.he@mcgm.gov.in |

हस्ता/-
कार्यकारी अभियंता (T.C.W.)
भांडुप कॉम्प्लेक्स

पीआरओ/79/विज्ञा./2026-27

हल्का बुखार होने पर डॉक्टर से मिलें।

संपादकीय

# सबरीमाला विवाद आस्था बनाम अधिकार

केरल के सबरीमाला मंदिर से जुड़ा विवाद एक बार फिर देश के सामने उस मूल प्रश्न को खड़ा कर रहा है, जहां आस्था और अधिकार आमने-सामने दिखाई देते हैं। सुप्रीम कोर्ट में चल रही सुनवाई के दौरान त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड (TDB) की यह टिप्पणी—"यह कोई रेस्टोरेंट या दुकान नहीं है"—दरअसल केवल एक बयान नहीं, बल्कि पूरे विवाद के दार्शनिक और संवैधानिक आधार को उजागर करती है।


मंदिर प्रबंधन का तर्क स्पष्ट है कि सबरीमाला एक विशिष्ट धार्मिक परंपरा का केंद्र है, जिसे सामान्य सार्वजनिक स्थलों की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता। भगवान अयप्पा को "नैष्ठिक ब्रह्मचारी" मानने की परंपरा सदियों से चली आ रही है, और उसी के अनुरूप कुछ आयु वर्ग की महिलाओं के प्रवेश पर रोक रही है। इस दृष्टिकोण में धार्मिक पहचान और आस्था को सर्वोपरि माना गया है।

लेकिन प्रश्न यह है कि क्या परंपरा अपने आप में अंतिम सत्य है? भारतीय संविधान केवल आस्था की रक्षा ही नहीं करता, बल्कि समानता और गरिमा के अधिकार को भी उतनी ही दृढ़ता से स्थापित करता है। 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने इसी आधार पर महिलाओं के प्रवेश पर लगे प्रतिबंध को भेदभावपूर्ण बताया और उसे हटा दिया। यह निर्णय इस बात का प्रतीक था कि आधुनिक लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी भी परंपरा को संवैधानिक कसौटी पर परखा जा सकता है। वर्तमान सुनवाई में अदालत का यह कहना कि "करोड़ों लोगों की आस्था को गलत ठहराना कठिन है", इस जटिलता को और स्पष्ट करता है। न्यायपालिका एक ऐसे संतुलन की तलाश में है, जहाँ धार्मिक स्वतंत्रता भी सुरक्षित रहे और मौलिक अधिकार भी प्रभावित न हों। यही भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी चुनौती है—विविधता में संतुलन।

TDB का यह तर्क कि देश में अयप्पा के अनेक अन्य मंदिर हैं, जहाँ महिलाओं के प्रवेश पर रोक नहीं है, एक व्यावहारिक समाधान की ओर इशारा करता है। लेकिन यह भी विचारणीय है कि क्या समानता का अधिकार "विकल्प" के आधार पर सीमित किया जा सकता है? यदि किसी नागरिक को किसी विशेष स्थान पर जाने से रोका जाता है, तो यह प्रश्न स्वाभाविक है कि क्या यह प्रतिबंध न्यायसंगत है। इस पूरे विवाद का एक और महत्वपूर्ण पक्ष है—सामाजिक सुधार बनाम धार्मिक स्वायत्तता। इतिहास गवाह है कि कई सामाजिक सुधार धार्मिक परंपराओं को चुनौती देकर ही संभव हुए हैं। सती प्रथा, अस्पृश्यता और अन्य कुरीतियों को समाप्त करने में कानून और न्यायपालिका की भूमिका निर्णायक रही है। ऐसे में यह तर्क कि "धर्म को खोखला नहीं किया जाना चाहिए", अपनी जगह सही होते हुए भी यह नहीं भूलना चाहिए कि धर्म का उद्देश्य मानव कल्याण है, न कि असमानता को बनाए रखना। सबरीमाला का मामला केवल एक मंदिर या एक परंपरा का नहीं है, बल्कि यह भारतीय समाज के उस संक्रमण का प्रतीक है, जहाँ परंपरा और आधुनिकता का संवाद चल रहा है। यह टकराव नहीं, बल्कि संतुलन की खोज है। अदालत का अंतिम निर्णय चाहे जो भी हो, वह भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण मार्गदर्शक सिद्ध होगा। यह समझना आवश्यक है कि आस्था और अधिकार एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हो सकते हैं—यदि उनके बीच संतुलन स्थापित किया जाए। यही संतुलन भारत की संवैधानिक आत्मा है और यही इस बहस का सबसे बड़ा निष्कर्ष भी।

शख्सियत — कंदुकुरी वीरेशलिंगम

## आधुनिक आंध्र के प्रणेता



**'दुनिया में ज्ञान और विद्या से बढ़कर कोई दूसरा धन नहीं है, और दूसरों की सेवा करने से बढ़कर कोई दूसरा धर्म नहीं है।'**

कंदुकुरी वीरेशलिंगम का नाम भारतीय पुनर्जागरण के इतिहास में अत्यंत श्रद्धा और सम्मान के साथ लिया जाता है। उनका जन्म 16 अप्रैल 1848 को आंध्र प्रदेश के राजमुंदरी में हुआ था। वे न केवल एक महान समाज सुधारक थे, बल्कि एक प्रखर लेखक, निर्भीक पत्रकार और आधुनिक तेलुगु साहित्य के जनक भी थे। उनकी बहुमुखी प्रतिभा और समाज के प्रति अटूट समर्पण के कारण उन्हें 'दक्षिण भारत का विद्यासागर' और 'आधुनिक आंध्र का पिता' कहा जाता है। वीरेशलिंगम का जीवन संघर्षों और सिद्धांतों की एक अद्भुत मिसाल है। अल्पायु में ही पिता के देहांत के बाद उन्होंने विषम परिस्थितियों में अपनी शिक्षा पूर्ण की और एक शिक्षक के रूप में अपने करियर की शुरुआत की। परंतु, उनका मुख्य उद्देश्य केवल जीविकोपार्जन नहीं, बल्कि समाज में व्याप्त कुरीतियों की जड़ों पर प्रहार करना था। उन्होंने महसूस किया कि समाज तब तक उन्नति नहीं कर सकता, जब तक महिलाएं शिक्षित और स्वतंत्र न हों। समाज सुधार के क्षेत्र में उनका सबसे बड़ा योगदान विधवाओं की स्थिति में सुधार और स्त्री शिक्षा के प्रति अलख जगाना था। 19वीं सदी के कट्टरपंथी समाज में विधवा विवाह के बारे में सोचना भी पाप माना जाता था, लेकिन वीरेशलिंगम ने न केवल इसका समर्थन किया, बल्कि 11 दिसंबर 1881 को राजमुंदरी में पहला विधवा विवाह संपन्न कराकर एक नई क्रांति का सूत्रपात किया। इसके लिए उन्हें कड़ा सामाजिक बहिष्कार और विरोध झेलना पड़ा, किंतु वे अपने मार्ग से कभी विचलित नहीं हुए। उन्होंने महिलाओं के लिए कई स्कूल खोले और 'हितकारिणी समाज' जैसी संस्थाओं के माध्यम से निराश्रितों की सेवा की।

साहित्य और पत्रकारिता को वीरेशलिंगम ने समाज परिवर्तन का सशक्त माध्यम बनाया। उन्होंने तेलुगु भाषा में पहले उपन्यास 'राजशेखर चरितमु' की रचना की, जिसने तेलुगु साहित्य को एक नई दिशा दी। उनकी पत्रिका 'विवेकवर्धिनी' समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार, अंधविश्वास और अनैतिकता के विरुद्ध एक ढाल बनकर उभरी। वे एक ऐसे लेखक थे जिन्होंने अपनी लेखनी का उपयोग मनोरंजन के बजाय मानवीय मूल्यों की स्थापना और जन-जागरण के लिए किया। वीरेशलिंगम एक असाधारण विचारक भी थे। उनका मानना था कि धर्म का अर्थ केवल कर्मकांड नहीं, बल्कि मानव मात्र की सेवा है। उन्होंने सत्य और नैतिकता को सर्वोपरि माना। वे उन विरले महापुरुषों में से थे जिन्होंने कथनी और करनी में कभी भेद नहीं रखा। समाज के उपेक्षित वर्गों के उत्थान के लिए उन्होंने अपनी पूरी संपत्ति और ऊर्जा समर्पित कर दी।

उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि सामाजिक परिवर्तन के लिए साहस और दृढ़ संकल्प की आवश्यकता होती है। जब पूरा समाज विरोध में खड़ा हो, तब भी सत्य के मार्ग पर अडिग रहना ही महानता है। वीरेशलिंगम ने अंधकार भरे युग में ज्ञान और सुधार का जो प्रकाश फैलाया, उसने आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रगति के द्वार खोल दिए।

# विचार और संकल्प की शक्ति से बदलती दुनिया




डॉक्टर बबलू सोनकर
प्रांतीय चिकित्सा सेवा
उत्तर प्रदेश

**विल्बर राइट की अलहदा सोच ने हमें सिखाया कि समाज के तर्क अक्सर हमारी सीमाओं को बांधने का काम करते हैं, जबकि विचार हमें उन सीमाओं को लांघने की ऊर्जा देते हैं। आज वैश्विक स्तर पर हम जो भी प्रगति देख रहे हैं, वह उन्हीं लोगों के विचारों का परिणाम है जिन्होंने भीड़ के साथ चलने से इनकार कर दिया। आज हवाई यात्रा एक सामान्य बात है, लेकिन इसकी नींव में वह जुनून था।**

आज उन विल्बर राइट का जन्मदिन है जिन्होंने मनुष्य को आसमान में उड़ने का असंभव सपना साकार किया। 16 अप्रैल 1867 को जन्मे विल्बर राइट का जीवन इस बात का जीवंत प्रमाण है कि जब मनुष्य की विचार शक्ति और अदम्य आत्मविश्वास एक साथ मिलते हैं, तो प्रकृति के कठिनतम नियम भी उसके सामने नस्तक हो जाते हैं। एक समय था जब इंसान का हवा में उड़ना केवल कल्पनाओं तक सीमित था, लेकिन राइट ब्रदर्स की अलहदा सोच ने इस असंभव को संभव में बदल दिया। दुनिया बदलने के लिए किसी बहुत बड़ी डिग्री या अपार धन की उतनी आवश्यकता नहीं होती, जितनी कि एक मौलिक विचार और उसे सच करने के जुनून की। विल्बर राइट और उनके भाई ऑर्विल राइट एक साधारण साइकिल रिपेयरिंग की दुकान चलाते थे। उनके पास कोई वैज्ञानिक प्रयोगशाला नहीं थी, लेकिन उनके पास ऐसी विचार शक्ति थी जो स्थापित मान्यताओं को चुनौती दे सकती थी।

उस दौर के बड़े-बड़े इंजीनियर और वैज्ञानिक यह मान चुके थे कि हवा से भारी किसी भी वस्तु का उड़ना नामुमकिन है। परंतु विल्बर की सोच भीड़ से अलग थी; उन्होंने पक्षियों की उड़ान के बारीकी से निरीक्षण को अपना आधार बनाया और यह विश्वास जगाया कि यदि संतुलन साधा जाए, तो मनुष्य भी आकाश पर विजय प्राप्त कर सकता है। इतिहास गवाह है कि दुनिया में जितने भी क्रांतिकारी परिवर्तन हुए हैं, वे सभी एक विचार के साथ शुरू हुए। चाहे वह एडिसन का बल्ब हो या विल्बर राइट का हवाई जहाज; ये उपलब्धियां पहले किसी के मस्तिष्क में कल्पना के रूप में जन्मी थीं। विचार ही वह बिंदु है जहां से इच्छाशक्ति का जन्म होता है। जब विल्बर राइट अपने गैराज में साइकिलों के पुर्जों के साथ प्रयोग कर रहे थे, तब वे केवल धातु के साथ काम नहीं कर रहे थे, बल्कि वे अपनी सोच को एक भौतिक आकार दे रहे थे। किसी भी परिवर्तन के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा बौद्धिक जड़ता होती है। लोग उसी सत्य को स्वीकार करते हैं जो उन्हें आंखों से दिखाई देता है। विल्बर राइट ने उस सत्य को देखा जो अभी पैदा ही नहीं हुआ था।

उन्होंने हवा के दबाव और गुरुत्वाकर्षण के गणित को अपनी आंतरिक दृष्टि से समझा। उन्होंने साबित किया



कि ज्ञान का असली स्रोत केवल पुस्तकें नहीं, बल्कि प्रकृति का सूक्ष्म निरीक्षण और स्वयं पर अटूट विश्वास है। राइट ब्रदर्स के पास कोई बड़ा निवेश नहीं था, लेकिन उनके पास वह अलहदा सोच थी जो किसी भी निवेश से कहीं अधिक मूल्यवान थी। विचार शक्ति की यात्रा संघर्षों से भरी होती है। विल्बर राइट को पता था कि हवा में उड़ना केवल पंख फड़फड़ाने जैसा नहीं है, बल्कि यह हवा की अनिश्चितता पर नियंत्रण पाने की कला है। उनकी सफलता का राज यह था कि उन्होंने कभी भी अपनी विफलताओं को अंत नहीं माना, बल्कि उन्हें सीखने की प्रक्रिया का हिस्सा समझा। वे जानते थे कि हर गिरता हुआ मॉडल उन्हें वास्तविक उड़ान के एक कदम और करीब ले जा रहा है। यह अदम्य साहस केवल उसी व्यक्ति में हो सकता है जिसका लक्ष्य स्पष्ट हो। हमें यह समझना होगा कि कोई भी आविष्कार केवल मशीनों का समूह नहीं होता, बल्कि वह एक मनुष्य के मस्तिष्क की उपज होता है। विल्बर राइट की अलहदा सोच ने हमें सिखाया कि समाज के तर्क अक्सर हमारी सीमाओं को बांधने का काम करते हैं, जबकि विचार हमें उन सीमाओं को लांघने की ऊर्जा देते हैं। आज वैश्विक स्तर पर हम जो भी प्रगति देख रहे हैं, वह उन्हीं लोगों के विचारों का परिणाम है जिन्होंने भीड़ के साथ चलने से इनकार कर दिया। आज हवाई यात्रा एक सामान्य बात है, लेकिन इसकी नींव में वह जुनून था जिसने दुनिया को यह सिखाया कि असंभव केवल एक शब्द है।

विचार वह बीज है जो अदृश्य होता है, लेकिन जब वह संकल्प के जल से सींचा जाता है, तो एक विशाल भविष्य का निर्माण करता है। दुनिया को बदलने वाली हर बड़ी खोज की शुरुआत एक अकेले व्यक्ति के मन में उठे एक छोटे से विचार से ही हुई है। विचार शक्ति ही वह ऊर्जा है जो सामान्य व्यक्ति को असाधारण उपलब्धियों तक ले जाती है। वास्तव में, दुनिया उन्हीं लोगों की ऋणी है जिन्होंने लीक से हटकर सोचने का साहस किया। विल्बर राइट का जीवन हमें प्रेरित करता है कि हम अपनी समस्याओं और सीमाओं से घबराएं नहीं। आज हमारे सामने कई वैश्विक चुनौतियां हैं, जिनका समाधान भी किसी न किसी की राइट ब्रदर्स वाली सोच से ही निकलेगा। समाज को उन विचारकों की आवश्यकता है जो स्थापित मानदंडों से परे देख सकें। विल्बर राइट का जीवन हमें सिखाता है कि सफलता केवल संसाधनों से नहीं, बल्कि संकल्पों से मिलती है। यदि हमारे पास एक मौलिक विचार है और उसे सच करने का अदम्य आत्मविश्वास है, तो हम भी अपनी सोच से इस दुनिया को बदलने की क्षमता रखते हैं।

हमारी गीता

# मृत्यु आखिर क्या है?



स्वामिनी निष्कलानंदा
चिन्मय मिशन कल्याण



मनुष्य के जीवन में सबसे गहन और भय उत्पन्न करने वाला प्रश्न है—मृत्यु क्या है? सामान्य अनुभव यही कहता है कि जब कोई व्यक्ति मर जाता है, तो वह समाप्त हो जाता है। शरीर दिखाई नहीं देता, उसका व्यवहार रुक जाता है, और हम मान लेते हैं कि सब कुछ खत्म हो गया। लेकिन भगवद गीता इस धारणा को एक गहरे तत्त्वज्ञान के माध्यम से चुनौती देती है। गीता में भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं—

**"देहिनः अस्मिन् यथा देहे कौमारं यौवनं जरा।
तथा देहान्तर प्राप्तिः धीरः तत्र न मुह्यति॥"**

अर्थात, जैसे इस शरीर में जीव बाल्यावस्था से युवावस्था और फिर वृद्धावस्था को प्राप्त होता है, उसी प्रकार मृत्यु के बाद वह एक नए शरीर को धारण करता है। जो बुद्धिमान है, वह इस परिवर्तन से भ्रमित या दुखी नहीं होता। यदि हम अपने जीवन को ध्यान से देखें, तो पाएंगे कि हमारा शरीर निरंतर बदल रहा है। बचपन का शरीर अब नहीं है, युवावस्था में वह बदल गया, और आगे भी बदलता रहेगा। फिर भी "मैं" वही रहता हूँ। इससे स्पष्ट होता है कि शरीर परिवर्तनशील है, लेकिन आत्मा स्थायी है। मृत्यु भी इसी परिवर्तन की एक अवस्था मात्र है—एक देह से दूसरी देह में प्रवेश। हम जिस शरीर को "मेरा" कहते हैं, वह वास्तव में हमारा नहीं है। यह अन्न से बना है, माता-पिता के माध्यम से प्राप्त हुआ है, और समय के साथ नष्ट हो जाता है। फिर भी हम उसमें "मैं" का अहं जोड़ लेते हैं, जिससे मोह और भय उत्पन्न होता है। यही अज्ञान का मूल कारण है। केवल बाहरी शरीर ही नहीं, हमारा मन भी हर क्षण बदलता रहता है। कभी हम सुखी होते हैं, कभी दुःखी, कभी पापी, कभी पुण्यवान। इन बदलती अवस्थाओं के साथ हम अपनी पहचान जोड़ लेते हैं और हर बार एक नया "जन्म" लेते हैं।


जीवन ऊर्जा

चार्ली चैपलिन : जन्म : 16 अप्रैल 1889 — जन्म

# जिस दिन आप नहीं हंसे, वह दिन बेकार चला गया

**चार्ली चैपलिन विश्व सिनेमा के इतिहास में एक ऐसा नाम हैं, जिन्होंने बिना एक शब्द बोले पूरी दुनिया को हँसाया और रुलाया। उनका जन्म 16 अप्रैल 1889 को लंदन के एक बेहद गरीब परिवार में हुआ था। उन्होंने गरीबी, भूख और अकेलेपन को बहुत करीब से देखा था, जिसे उन्होंने बाद में अपनी कला का आधार बनाया। 25 दिसंबर 1977 को उनका निधन हो गया, लेकिन उनकी कला और संदेश आज भी हर उदास चेहरे पर मुस्कान लाने की शक्ति रखते हैं।**

एक दिन बिना हंसी के बिताया गया दिन, बर्बाद किया गया दिन है। मेरा दर्द किसी के लिए हंसने का कारण हो सकता है, लेकिन मेरी हंसी कभी किसी के दर्द का कारण नहीं होनी चाहिए। हम सोचते बहुत ज्यादा हैं और महसूस बहुत कम करते हैं। शीशा मेरा सबसे अच्छा दोस्त है क्योंकि जब मैं रोता हूं, तो वह कभी नहीं हंसता। जिंदगी करीब से देखने पर एक त्रासदी लगती है, लेकिन दूर से देखने पर यह एक कॉमेडी है। आपको हंसी के लिए अपने दर्द के साथ खेलना सीखना चाहिए। यदि आप नीचे देखते रहेंगे तो आपको कभी इंद्रधनुष नहीं मिलेगा। हमें मशीनों से ज्यादा मानवता की जरूरत है। चतुराई से ज्यादा हमें दयालुता और सज्जनता की जरूरत है। इस दुनिया में कुछ भी स्थायी नहीं है, यहां तक कि हमारी मुश्किलें भी नहीं। तानाशाह खुद को आजाद कर लेते हैं, लेकिन वे लोगों को गुलाम बना देते हैं। असफलता महत्वहीन है। खुद को मूर्ख बनाने के लिए साहस की जरूरत होती है। मैं हमेशा बारिश में टहलना पसंद करता हूं, ताकि कोई मुझे रोते हुए न देख सके। असल में हम सब एक-दूसरे की मदद करना चाहते हैं। इंसान ऐसे ही होते हैं। बिना क्रिया के ज्ञान का कोई मोल नहीं है। सादगी हासिल करना एक कठिन काम है।



जीवन एक नाटक है जिसमें रिहर्सल की अनुमति नहीं है। अंत में, सब कुछ एक मजाक ही है। हंसी के बिना ज्ञान अधूरा है। घृणा खत्म हो जाएगी, तानाशाह मर जाएंगे और जो शक्ति उन्होंने लोगों से ली है, वह वापस लोगों के पास आएगी। एक आवारा, एक सज्जन, एक कवि, एक सपने देखने वाला, एक अकेला आदमी, जो हमेशा रोमांस और रोमांच की तलाश में रहता है। मेरा मानना है कि शक्ति केवल तभी चाहिए जब आप कुछ हानिकारक करना चाहते हों, वरना प्यार ही काफी है।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्यप्रदेश



# भाव और कर्म से बनती है असली काबिलियत

मनुष्य का जीवन केवल बाहरी उपलब्धियों से नहीं, बल्कि उसके अंतर्मन के भाव और कर्मों की शुद्धता से महान बनता है। जब हृदय में सच्ची श्रद्धा, भक्ति और समर्पण होता है, तब साधारण से साधारण कार्य भी ईश्वर की पूजा बन जाता है। धर्म हमें यही सिखाता है कि ईश्वर को पाने के लिए बड़े साधनों या ऊंचे पद की आवश्यकता नहीं, बल्कि सच्चे मन और निष्कपट भाव की जरूरत होती है। जिस व्यक्ति के भीतर भक्ति का दीप जलता है, उसका हर कर्म स्वतः पवित्र हो जाता है।



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

जीवन में सफलता केवल डिग्री, पद या बाहरी योग्यता पर निर्भर नहीं करती, बल्कि हमारे भीतर के भाव, समर्पण और कर्म की शुद्धता पर आधारित होती है। यह बात एक छोटे से प्रसंग के माध्यम से गहराई से समझी जा सकती है।

एक मंदिर था, जहां सभी लोग वेतन पर काम करते थे—आरती करने वाला, पूजा कराने वाला और यहाँ तक कि घंटा बजाने वाला भी। इन सबमें एक व्यक्ति ऐसा था जो केवल अपने काम को निभा नहीं रहा था, बल्कि उसमें पूरी तरह डूब जाता था। वह घंटा बजाते समय इतने भक्ति भाव में लीन हो जाता कि उसे अपने आस-पास की सुध ही नहीं रहती। मंदिर में आने वाले श्रद्धालु केवल भगवान के दर्शन ही नहीं, बल्कि उस व्यक्ति के भाव और भक्ति के भी दर्शन करते थे। उसकी सच्ची श्रद्धा सभी के मन को छू जाती थी।

समय बदला और मंदिर का ट्रस्ट भी बदल गया। नए ट्रस्टी ने नियम बनाया कि मंदिर में काम करने वाले सभी लोग पढ़े-लिखे होने चाहिए। जो पढ़े-लिखे नहीं हैं, उन्हें हटा दिया जाएगा। इस नियम के कारण उस भावुक घंटा बजाने वाले व्यक्ति को भी नौकरी से निकाल दिया गया। उसने बहुत विनम्रता से कहा कि भले ही वह पढ़ा-लिखा नहीं है, लेकिन उसका भाव भगवान से जुड़ा हुआ है। फिर भी नियम के आगे उसकी एक न चली।

अगले दिन नए लोग आए, परंतु मंदिर का वातावरण बदल चुका था। श्रद्धालुओं को वह आनंद और शांति नहीं मिल रही थी जो पहले मिलती थी। सभी को उस पुराने व्यक्ति की कमी खलने लगी। कुछ लोगों ने मिलकर उससे वापस आने की प्रार्थना की, पर उसने मना कर दिया क्योंकि उसे लगा कि ऐसा करने से उसकी गरिमा कम होगी।



तब लोगों ने एक उपाय निकाला। उन्होंने मंदिर के सामने उसके लिए एक छोटी दुकान खुलवा दी और कहा कि वह वहां बैठकर अपना काम करे और आरती के समय आकर घंटा बजा दिया करे। उसने ऐसा ही किया। धीरे-धीरे उसकी दुकान चल पड़ी। एक दुकान से सात दुकानें हो गईं और फिर उसने एक बड़ी फैक्ट्री भी खड़ी कर ली। समय के साथ वह बहुत बड़ा व्यापारी बन गया, लेकिन उसने अपने पुराने भाव को कभी नहीं छोड़ा और आज भी वह आरती के समय मंदिर जाकर घंटा बजाता था।

कई वर्षों बाद मंदिर को नए निर्माण के लिए धन की आवश्यकता हुई। ट्रस्टी उस व्यक्ति के पास पहुंचे और सहायता मांगी। उसने बिना कोई प्रश्न किए एक खाली चेक दे दिया। जब ट्रस्टी ने चेक भरकर उसे वापस दिया, तो पता चला कि उसे हस्ताक्षर करना भी नहीं आता। वह अंगूठा लगाने वाला था।

## अपने विचार

मोदी जी ने पंजाब में चुनावों की तैयारी शुरू कर दी। लेकिन पंजाब के लोग ये बर्दाश्त नहीं करेंगे। बीजेपी को इसका करारा जवाब देंगे।भाजपा द्वारा पंजाब चुनाव की तैयारी शुरू...आम आदमी पार्टी के राज्य सभा सांसद अशोक मित्तल के घर और यूनिवर्सिटी में ED की रेड..typical मोदी स्टाइल..



-भगवंत मान
मुख्यमंत्री,पंजाब

उन्हें खुशी है कि सम्राट चौधरी ने उस 'पाठशाला' (राजद) की सीख का इस्तेमाल किया, जहाँ उन्होंने राजनीति का क, ख, ग सीखा था। सम्राट चयनित मुख्यमंत्री है ,उन्होंने नीतीश कुमार को गद्दी से उतारने की अपनी प्रतिज्ञा पूरी कर ली है।



-तेजस्वी यादव
अध्यक्ष, आरजेडी

इतिहास न भूलें तेजस्वी,राजनीति में कौन कहाँ से निकला है, अगर इसकी चर्चा करेंगे तो बात बहुत दूर तक जाएगी। तेजस्वी यादव को शायद याद नहीं कि उनके पिता और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव भी कभी जनता दल से ही निकले थे। बल्कि इन्वेस्टमेंट का सबसे पसंदीदा केंद्र बनकर उभरा है।



-बिजेंद्र यादव
उपमुख्यमंत्री, बिहार

एक मई से महाराष्ट्र में सभी लाइसेंसधारी रिक्शा और टैक्सी चालकों के लिए मराठी का ज्ञान अनिवार्य होगा। जिन ड्राइवरों को मराठी का बुनियादी ज्ञान नहीं होगा, उनके लाइसेंस रद्द कर दिए जाएंगे। यह कार्रवाई केवल ड्राइवरों तक सीमित नहीं होगी। परिवहन अधिकारियों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



-प्रताप सरनाइक
कैबिनेट मंत्री,महाराष्ट्र

अपने विचार
डीबीडी कार्यालय
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के.के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई-400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित. फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज़िमेदार).

# दुख का पहाड़ छंटा, खुशियों की सुबह

## 3450 मरीजों को नई उम्मीद

डीबीडी संवाददाता | ठाणे




शारीरिक बीमारियों की तरह मानसिक दर्द भी उतना ही गंभीर होता है, लेकिन अक्सर इसे नजरअंदाज कर दिया जाता है। ठाणे के जिला सिविल अस्पताल ने ऐसे ही हजारों लोगों के जीवन में नई रोशनी लाई है। अप्रैल 2025 से मार्च 2026 के बीच अस्पताल के साइकियाट्रिक आउटपेशेंट डिपार्टमेंट (OPD) में 3450 मरीजों ने उपचार लेकर राहत पाई है।

### मानसिक तनाव के बढ़ते मामले

अस्पताल में आने वाले मरीजों में डिप्रेशन, एंग्जायटी डिसऑर्डर और अन्य मानसिक समस्याओं के मामले बड़ी संख्या में सामने आए हैं। विशेषज्ञों के अनुसार इसके पीछे पारिवारिक विवाद, आर्थिक तंगी, काम का दबाव और बदलती जीवनशैली प्रमुख कारण हैं।

### जागरूकता अभियान से टूट रही गलतफहमियां

अस्पताल प्रशासन मानसिक स्वास्थ्य को लेकर समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करने के लिए जागरूकता अभियान भी चला रहा है। लोगों से अपील की गई है कि वे मानसिक तनाव को छुपाएं नहीं, बल्कि विशेषज्ञों से सलाह लें।

### समय पर इलाज से संभव है सुधार

अस्पताल प्रशासन का कहना है कि मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखना हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। समय पर पहचान और उपचार से गंभीर समस्याओं से बचा जा सकता है। डॉ. कैलाश पवार ने बताया कि मानसिक बीमारियां दिमाग में बायोकेमिकल असंतुलन, तनाव और सामाजिक कारणों के संयुक्त प्रभाव से उत्पन्न होती हैं।

### विशेषज्ञों की टीम दे रही सहारा

सिविल सर्जन डॉ. कैलाश पवार और अतिरिक्त सिविल सर्जन डॉ. धीरज महानगड़े के मार्गदर्शन में डॉक्टरों, काउंसलरों और स्वास्थ्यकर्मियों की टीम मरीजों को समुचित उपचार प्रदान कर रही है। इसमें काउंसलिंग, दवा और आवश्यक मानसिक समर्थन शामिल है। साइकियाट्रिस्ट डॉ. विजय तेली के अनुसार समय पर इलाज मिलने से कई मरीजों की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और वे सामान्य जीवन की ओर लौट रहे हैं। सही समय पर निदान, काउंसलिंग और दवाओं के समन्वित उपचार से मरीजों में तेजी से सुधार देखा जा रहा है। इस पहल से यह साबित हो रहा है कि सही मार्गदर्शन और उपचार मिलने पर मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं पर विजय पाना संभव है।

# खडकवासला से फुरसुंगी तक अतिक्रमण हटाओ अभियान

डीबीडी संवाददाता | पुणे

शहर की जलापूर्ति की अहम कड़ी मानी जाने वाली खडकवासला नहर को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ा अभियान शुरू किया है। खडकवासला डैम से फुरसुंगी तक फैली इस नहर के किनारों पर वर्षों से हो रहे अवैध कब्जों को हटाने के लिए अब बुलडोजर कार्रवाई तेज कर दी गई है। इस अभियान को प्रभावी बनाने के लिए जल संसाधन विभाग ने 50 अतिरिक्त इंजीनियरों की विशेष टीम तैनात की है। हर 5 किलोमीटर के दायरे में 4 इंजीनियरों की टीम को जिम्मेदारी दी गई है, जो पूरे ऑपरेशन की निगरानी करेगी और तकनीकी समस्याओं का तुरंत समाधान करेगी। प्रशासन ने इस बार स्थायी समाधान पर जोर दिया है। जहां-जहां से अतिक्रमण हटाया जाएगा, वहां तुरंत सीमा दीवार (बाउंड्री वॉल) का निर्माण किया जाएगा, ताकि दोबारा कब्जा न हो सके। यह कदम भविष्य में अवैध निर्माण को रोकने में अहम साबित होगा। नहर किनारे बढ़ते अवैध ढांचों के कारण जल प्रवाह बाधित हो रहा था।

सेंट्रल रेलवे

# सोलापुर डिवीजन ने डॉ. भीमराव अंबेडकर को किया नमन

डीबीडी संवाददाता | सोलापुर




कार्यक्रम की शुरुआत सोलापुर डिवीज़न के डिवीज़नल रेलवे मैनेजर (DRM) और एडिशनल डिवीज़नल रेलवे मैनेजर (ADRM) द्वारा दूरदर्शी नेता, भारतीय संविधान के मुख्य निर्माता और सामाजिक न्याय के चैंपियन डॉ. बी. आर. अंबेडकर की तस्वीर पर फूल चढ़ाकर की गई। सम्मान और श्रद्धा के प्रतीक के रूप में सामूहिक बुद्ध वंदना की गई। सेलिब्रेशन के हिस्से के तौर पर 9 अप्रैल 2026 को "डॉ. बी.आर. अंबेडकरः भारत में सामाजिक न्याय के आर्किटेक्ट" थीम पर एक निबंध कॉम्पिटिशन ऑर्गनाइज़ किया गया था ताकि कर्मचारियों को महान सुधारक के जीवन और आदर्शों के बारे में जागरूक किया जा सके। कॉम्पिटिशन के विजेताओं को DRM ने कैश प्राइज़ और प्रशंसा के सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। इकट्ठा हुए लोगों को संबोधित करते हुए, DRM सोलापुर ने देश बनाने और सामाजिक सशक्तिकरण के लिए बाबासाहेब अंबेडकर के प्रेरणा देने वाले विचारों, मूल्यों और असाधारण योगदान पर ज़ोर दिया। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से डॉ. अंबेडकर के सिद्धांतों को अपनी ज़िंदगी में अपनाने की अपील की। पर्सनेल डिपार्टमेंट द्वारा ऑर्गनाइज़ किए गए प्रोग्राम में ब्रांच अधिकारियों और मान्यता प्राप्त यूनियनों और एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार शेयर किए और डॉ. बी. आर. अंबेडकर की महान विरासत को श्रद्धांजलि दी। DRM ऑफिस के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साह से हिस्सा लिया, जिससे यह इवेंट बहुत सफल रहा और बाबासाहेब अंबेडकर से प्रेरित सबको साथ लेकर चलने, मेलजोल और सामाजिक तरक्की के आदर्शों के प्रति सोलापुर डिवीज़न का कमिटमेंट पक्का हुआ।

# भुसावल मंडल रेल प्रबंधक द्वारा मंडल के कर्मचारियों को पुरस्कार प्रदान

डीबीडी संवाददाता | भुसावल



भुसावल मंडल रेल प्रबंधक पुनीत अग्रवाल द्वारा मंडल के 06 कर्मचारियों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते समय दिखाई गई सतर्कता, संभावित दुर्घटनाओं को टालने के प्रयासों तथा ट्रेनों के सुरक्षित एवं सुचारू संचालन में दिए गए महत्वपूर्ण योगदान के लिए मासिक संरक्षा पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रत्येक पुरस्कार में एक पदक, प्रशस्ति पत्र तथा नकद राशि शामिल है। इसी प्रकार, मंडल रेल प्रबंधक पुनीत अग्रवाल के द्वारा वर्ष 2025-26 के दौरान विभिन्न मानदंडों एवं मापदंडों के आधार पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कुल 23 कर्मचारियों को भी पुरस्कृत किया गया। सुरक्षा प्रदर्शन, ट्रेनों की समयपालनता, यात्री शिकायत निवारण तथा स्टेशनों एवं ट्रेनों में स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में समग्र सुधार लाने हेतु संबंधित कर्मचारियों द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। पुरस्कार वितरण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने कर्मचारियों की कर्तव्यनिष्ठा, सतर्कता एवं समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की सतर्कता एवं प्रतिबद्धता अन्य कर्मचारियों को भी यात्रियों की सुरक्षा हेतु ईमानदारी से कार्य करने के लिए प्रेरित करेगी। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक (प्रशासन) सुनील कुमार सुमन, अपर मंडल रेल प्रबंधक (तकनीकी) एम के मीना तथा वरिष्ठ शाखा अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# उल्हासनगर मनपा में महायुति का बड़ा सियासी संदेश, सभी समितियों के सभापति लगभग तय

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

उल्हासनगर महानगरपालिका में स्टैंडिंग समिति और नौ विशेष समितियों के चुनाव से पहले सत्तारूढ़ शिवसेना–भारतीय जनता पार्टी महायुति ने बड़ा सियासी संदेश दिया है। नामांकन के अंतिम दिन गठबंधन की ओर से हर समिति के सभापति पद के लिए सिर्फ एक-एक उम्मीदवार ने पर्चा भरा, जिससे सभी पदों पर निर्विरोध चयन लगभग तय हो गया है। स्वास्थ्य समिति की जिम्मेदारी सविता तोरने रगड़े को, शिक्षा समिति साक्षी सुर्वे को और झुग्गी-झोपड़ी उन्मूलन समिति विपुल मायकर को मिलने जा रही है।




### स्थायी समिति की कमान कुलवंत सिंह सोहता के हाथ

मनपा की सबसे अहम स्थायी समिति के सभापति पद के लिए कुलवंत सिंह सोहता (बिट्टू भाई) का नाम तय हो गया है। उनके अलावा लोक निर्माण समिति के लिए दीप्ति दुधानी, नगर नियोजन एवं विकास समिति के लिए मीना कौर लबाना और जल आपूर्ति एवं निकासी समिति के लिए दीपा नारायण पंजाबी ने नामांकन दाखिल किया है। इसके अलावा खेल एवं संस्कृति समिति के लिए प्रीति माखीजा, महिला एवं बाल कल्याण समिति के लिए मीना सोंडे और राजस्व समिति के लिए प्रेरणा माखीजानी का चयन तय माना जा रहा है।

### 20 अप्रैल को सिर्फ औपचारिकता बाकी

अब 20 अप्रैल को होने वाली विशेष सभा में केवल औपचारिक घोषणा ही शेष रह गई है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यह फैसला शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर लिया गया, जिससे मनपा में स्थिरता और विकास कार्यों को गति मिल सके। नामांकन प्रक्रिया के दौरान महापौर अश्विनी निकम, उपमहापौर अमर लुंड सहित शिवसेना और भाजपा के कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।महायुति के इस 'एकमत' फैसले को प्रशासनिक स्थिरता और तेज विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। जिससे आने वाले समय में शहर के प्रोजेक्ट्स को रफ्तार मिलने की उम्मीद जताई जा रही है

# उल्हासनगर में उप-वर्गीकरण के खिलाफ जोरदार विरोध



डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

अनुसूचित जातियों के उप-वर्गीकरण के प्रस्तावित निर्णय के खिलाफ उल्हासनगर में व्यापक विरोध देखने को मिला। स्वराज संगठन द्वारा शुरू किए गए हस्ताक्षर अभियान में बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लेकर सरकार के खिलाफ अपना आक्रोश जताया। डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर आयोजित इस अभियान में हजारों भीमसैनिकों ने हिस्सा लिया। कुर्ला कैंप क्षेत्र में स्वामी शांति प्रकाश हॉल और गुरु नानक स्कूल के सामने आयोजित कार्यक्रम में लोगों ने उप-वर्गीकरण के खिलाफ हस्ताक्षर कर स्पष्ट संदेश दिया। स्वराज संगठन का आरोप है कि अनुसूचित जातियों का उप-वर्गीकरण समाज की एकता को कमजोर करने और जातियों के बीच विभाजन पैदा करने की कोशिश है। संगठन का कहना है कि इस फैसले से सामाजिक और शैक्षिक स्तर पर नुकसान हो सकता है। इस अभियान को स्थानीय नागरिकों के साथ-साथ जयंती रैली में शामिल लोगों का भी समर्थन मिला। बड़ी संख्या में लोगों ने स्वेच्छा से हस्ताक्षर कर इस आंदोलन को मजबूती दी। इस आंदोलन का नेतृत्व संगठन के संस्थापक अधिवक्ता जय गायकवाड़ ने किया।

# नागपुर में राष्ट्रपति का संदेश: तकनीक से आगे करुणा जरूरी

डीबीडी संवाददाता | नागपुर

द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को AIIMS नागपुर के दूसरे दीक्षांत समारोह में युवा डॉक्टरों को संबोधित करते हुए चिकित्सा पेशे में मानवीय मूल्यों और नैतिकता को सर्वोपरि बताया। उन्होंने कहा कि तकनीक चाहे कितनी भी उन्नत हो जाए, लेकिन वह करुणा और ईमानदारी की जगह नहीं ले सकती। इस मौके पर देवेंद्र फडणवीस और राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि एक डॉक्टर की असली पहचान उसकी तकनीकी दक्षता के साथ-साथ उसकी मानवीय सोच से होती है। अंत में राष्ट्रपति ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि डॉक्टर बनना सिर्फ पेशा नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का एक बड़ा अवसर है, जिसे जिम्मेदारी और समर्पण के साथ निभाना चाहिए।

### निरंतर सीखना और नवाचार जरूरी

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए जिज्ञासा और निरंतर सीखने की प्रवृत्ति बेहद जरूरी है। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे डिग्री को अंत नहीं, बल्कि सीखने की शुरुआत मानें। उनके मुताबिक, अनुसंधान और नवाचार ही डॉक्टरों को नई चुनौतियों का समाधान खोजने में सक्षम बनाते हैं। अपने संबोधन में उन्होंने डॉक्टरों को याद दिलाया कि रोगी के प्रति संवेदनशीलता और नैतिक दृष्टिकोण ही उपचार की सफलता का आधार है।



### 'विकसित भारत 2047' में युवाओं की भूमिका

राष्ट्रपति ने विश्वास जताया कि देश के युवा, खासकर चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े छात्र, वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि स्वस्थ नागरिक ही सशक्त राष्ट्र की नींव होते हैं।उन्होंने स्वास्थ्य क्षेत्र में सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत 43 करोड़ से अधिक स्वास्थ्य कार्ड जारी किए जा चुके हैं। साथ ही देशभर में 1.85 लाख से ज्यादा आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्थापित किए गए हैं, जो प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बना रहे हैं।

# नासिक में स्कूल नामांकन घोटाला उजागर, 1152 स्कूलों की जांच में फर्जी उपस्थिति का खेल

डीबीडी संवाददाता | नासिक

महाराष्ट्र के नासिक जिले में स्कूल नामांकन को लेकर बड़ा घोटाला सामने आया है। राज्य सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा चलाए जा रहे 'विशेष जांच अभियान' (PAT) के दौरान 1152 स्कूलों में जांच पूरी होने के बाद चौंकाने वाली अनियमितताएं उजागर हुई हैं। आरोप है कि कई स्कूलों ने छात्र संख्या बढ़ाकर दिखाने के लिए फर्जी तरीके अपनाए। जांच के दौरान सामने आया कि स्कूलों ने निरीक्षण के दिन कक्षाओं को भरा हुआ दिखाने के लिए पूर्व छात्रों को बुलाया। जो छात्र पहले ही स्कूल छोड़ चुके थे। उन्हें वर्तमान छात्रों के बीच



बैठाकर अधिकारियों को भ्रमित किया गया। इस तरह छात्र संख्या को वास्तविक से अधिक दिखाया गया।निरीक्षण के लिए तैनात टीमों ने केवल छात्रों की गिनती की, लेकिन उनकी पहचान की पुष्टि नहीं की गई। स्कूल प्रबंधन ने पहले से छात्रों को तैयार कर लिया था, जिससे जांच अधिकारियों को किसी भी तरह का संदेह नहीं हुआ। प्रधानाध्यापक के लॉगिन से पोर्टल पर उपस्थिति दर्ज कर दी गई, लेकिन सत्यापन प्रक्रिया अधूरी रही।

### तकनीकी खामियों का उठाया फायदा

शिक्षा विभाग ने निर्देश दिया था कि प्रत्येक कक्षा की फोटो पोर्टल पर अपलोड की जाए, लेकिन कई स्कूलों ने पोर्टल के हैंग होने और तकनीकी दिक्कतों का हवाला देकर इसे टाल दिया। इसी बहाने फर्जी नामांकन को सही साबित करने की कोशिश की गई। जानकारों का मानना है कि यह पूरा खेल सरकारी अनुदान, पोषण आहार और अन्य वित्तीय लाभ बनाए रखने के लिए किया गया।




# 12 राशिफल में देखें अपना दिन

**मेष** व्यवसाय ठीक चलेगा। पुराने मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी। व्यय होगा। प्रसन्नता रहेगी। व्यापार में नए अनुबंध लाभकारी रहेंगे। परिश्रम का अनुकूल फल मिलेगा। परिजनों के स्वास्थ्य और सुविधाओं की ओर ध्यान दें।

**वृष** विवाद से क्लेश होगा। फालतू खर्च होगा। पुराना रोग परेशान कर सकता है। जोखिम न लें। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। विद्यार्थियों को परीक्षा में सफलता प्राप्ति के योग हैं। सावधानी व सतर्कता से व्यापारिक अनुबंध करें। दांपत्य जीवन अच्छा रहेगा।

**मिथुन** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। जोखिम न उठाएं। आज का दिन आपके लिए शुभ रहने की संभावना है। स्थायी संपति में वृद्धि होगी। रोजगार के अवसर मिलेंगे। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा।

**कर्क** मेहनत का फल मिलेगा। योजना फलीभूत होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कर्ज से दूर रहना चाहिए। खर्च में कमी होगी। कानूनी विवादों का निपटारा आपके पक्ष में होने की संभावना है। प्रतिष्ठितजनों से मेल-जोल बढ़ेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**सिंह** यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। रोजगार मिलेगा। अप्रत्याशित लाभ संभव है। जोखिम न लें। धर्म के कार्यों में रुचि आपके मनोबल को ऊंचा करेगी। मिलनसारिता व धैर्यवान प्रवृत्ति जीवन में आनंद का संचार करेगी। कई दिनों से रुका पैसा मिल सकेगा।

**कन्या** चोट व रोग से बचें। कानूनी अड़चन दूर होगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। क्रय-विक्रय के कार्यों में लाभ होगा। योजनाएं बनेंगी। उच्च और बौद्धिक वर्ग में विशेष सम्मान प्राप्त होगा। भाइयों से अनबन हो सकती है।

**तुला** कुसंगति से हानि होगी। वाहन मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। वाणी परो नियंत्रण रखें, जोखिम न लें। परेशानियों का मुकाबला करके भी लक्ष्य को हासिल कर पाएंगे। व्यापारिक लाभ होगा। संतान के प्रति झुकाव बढ़ेगा। शिक्षा व ज्ञान में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। जायदाद संबंधी समस्या सुलझने के आसार बनेंगे। अनुकूल समाचार मिलेंगे तथा दिन आनंदपूर्वक व्यतीत होगा। नए संबंध लाभदायी सिद्ध होंगे।

**धनु** किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। लाभ होगा। धन संचय की बात बनेगी। परिवार के कार्यों पर ध्यान देना जरूरी है। रुका कार्य होने से प्रसन्नाता होगी। आर्थिक सलाह उपयोगी रहेगी। कर्ज की चिंता कम होगी।


**मकर** अति व्यस्तता रहेगी। बुरी खबर मिल सकती है। दौड़धूप अधिक होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। थकान रहेगी। व्यापार-व्यवसाय संतोषप्रद रहेगा। आपसी संबंधों को महत्व दें। अल्प परिश्रम से ही लाभ होने की संभावना है। खर्चों में कमी करने का प्रयास करें।

**कुंभ** संपति के कार्य लाभ देंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें। धैर्य एवं शांति से वाद-विवादों से निपट सकेंगे। दुस्साहस न करें। नए विचार, योजना पर चर्चा होगी। स्वयं की प्रतिष्ठा व सम्मान के अनुरूप कार्य हो सकेंगे।

**मीन** प्रसन्नता रहेगी। संतान की शिक्षा की चिंता समाप्त होगी। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। महत्व के कार्य को समय पर करें। व्यावसायिक श्रेष्ठता का लाभ मिलेगा। मेहनत का फल कम मिलेगा। कार्य की प्रशंसा होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

# घर-परिवार में सुख-शांति के लिए ज्योतिषीय उपाय

परिवार में सुख के लिए परिवार में सुख-शांति तथा समृद्धि के लिए प्रति दिन प्रथम रोटी के चार बराबर भाग करें। एक गाय को दूसरा काले कुत्ते को तीसरा कौए को दें तथा चौथा भाग चौराहे पर रखे। हर प्रकार की सुख-शांति के लिए अशोक वृक्ष के सात पत्ते मंदिर में रख कर पूजा करें। जब वे मुरझाने लगे, तो नए पते रख दें और पुराने को पीपल के नीचे रख आए। इससे घर में सुख-शांति बनी रहेगी। गृह शांति के लिए एक पतंग पर अपने कष्ट तथा परेशानिया लिखे उसे हवा में उड़ा कर छोड दें। ऐसा 7 दिन लगातार करे। सभी कष्ट तथा परेशानिया दूर हो जाएंगी तथा घर में सुख-शाति आएगी। घर में अशांति रहने पर यदि आपके लाख उपाय करने पर भी अकारण ही अशांति बनी रहती हो. तो गाय के गोबर को एक छोटा दीपक बनाए उसमें तेल और रुई की बत्ती डाल कर थोड़ा गुड़ डाला दे तथा उस दीपक को जला कर दरवाजे के बीच रख दें परेशानिया कम होने लगेगी। इसे आवश्यकतानुसार 2-3 बार थोड़े समय के अंतराल से कर लेना चाहिए इसके लिए शनिवार विशेष उपयुक्त दिन है तथा तिल का






प्रियंका जैन
9769994439

तेल श्रेष्ठ है। घरेलू झगड़ा होने पर घर में क्लेश रहता हो या छोटी-छोटी बातो पर साड़ा होना हो तो घर में गेहूं केवल सोमवार या शनिवार को ही पिसवाए और पिसवाने से पहले उसमें 100 ग्राम काले चने का आटा मिला दें इस प्रकार का आटा खाने से धीरे-धीरे लढाई-झगड़े तथा घर में क्लेश खत्म हो जाएंगे।

**मानसिक शांति एवं कार्य की सफलता हेतु उपाय**

जन्म कुंडली में चंद्रमा अशुभ होने पर पारिवारिक अशांति, धन की कमी तथा कार्य संचालन में परेशानी देता है। इससे बचाव के लिए रविवार की रात को सोते समय चांदी या स्टील के गिलास में थोड़ा कच्चा दूध डाल कर उसे सिरहाने रख कर सो जाएं सोमवार की सुबह इस दून को कीकर (बबूल) के पेड़ पर चढ़ा आए।

**सावधानीः गिलास को किसी बर्तन से न ढके**

बाहरी बाधा के कारण परेशानी रहने पर यदि बाहरी बाधा के कारण घर अथवा व्यवसाय में परेशानी महसूस होती हो, तो अपने निवास / व्यवसाय स्थान के पास जो भी वृक्ष हो, उसकी जड में शाम को दूध डालकर वहा अगरबत्ती जलाने से लाभ होता है इसके लिए सोमवार उपयुक्त दिन है।

सर्व आपदा दुख निवारण हेतु उपाय किसी प्रकार की विपत्ति आने का भय हो अथवा आपदाग्रस्त हो मनोबल कमजोर हो गया हो. जीवन मे बार-बार अशुभ घटनाओं के कारण मन दुखी रहता हो तो श्रध्दा विश्वासपूर्वक निम्न मंत्र का मानसिक जप अथवा लाल चंदन की माला से पाच माला नित्य जप करने से शीघ्र लाभ होता है।

मंत्र करोतु सा नः शुभहेतुरीश्वरी शुभानि भद्राणिभिहन्तु चापदः।

**आर्थिक परेशानी निवारण का अचूक उपाय**

यदि अर्थिक समस्या के कारण परिवार में कलह रहती हो, आर्थिक स्थिति इतनी खराब हो गई हो कि कुछ भी उपाय न सूझ रहा हो तो कनकधारा यंत्र को अपने घर में अथवा व्यवसाय स्थल पर षोडशोपचार विधि से पूजन एवं प्राण प्रतिष्ठत करके स्थापित करे। 21 दिन तक नित्य यत्र के सम्मुख बैठकर श्रद्धा विश्वासपूर्वक कनकधारा स्तोत्र के 11 पाठ करें।

# बिहार में सत्ता परिवर्तन: खिला कमल

- राज्यपाल सैयद अता हसनैन ने सम्राट चौधरी को बतौर सीएम दिलाई शपथ
- जदयू कोटे से विजय चौधरी और विजेंद्र प्रसाद यादव को बनाया डिप्टी सीएम

एजेंसी | पटना

बिहार की राजनीति में महत्वपूर्ण बदलाव के तहत सम्राट चौधरी ने राज्य के 24वें मुख्यमंत्री के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। राजधानी पटना स्थित लोकभवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने उन्हें शपथ दिलाई। इसके साथ ही राज्य में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नेतृत्व में नई सरकार का औपचारिक गठन हो गया।




## दो डिप्टी सीएम के साथ नई सरकार

नई सरकार में सहयोगी दल जनता दल यूनाइटेड (जदयू) कोटे से वरिष्ठ नेता विजय चौधरी और विजेन्द्र प्रसाद यादव ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इस प्रकार राज्य में मुख्यमंत्री सहित कुल तीन शीर्ष पदों के साथ शासन की नई संरचना सामने आई है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, बिहार विधानसभा में 243 सीटों वाली संरचना के बीच यह बदलाव राज्य की सत्ता संतुलन की दिशा में अहम माना जा रहा है। सम्राट चौधरी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से आने वाले राज्य के पहले मुख्यमंत्री बने हैं, जो इस परिवर्तन को और भी महत्वपूर्ण बनाता है। शपथ ग्रहण के तुरंत बाद मुख्यमंत्री ने प्रशासनिक सक्रियता का संकेत देते हुए उसी दिन सचिवालय पहुंचकर कार्यभार संभाल लिया। जानकारी के अनुसार, उन्होंने पहले ही दिन कई अहम फाइलों पर हस्ताक्षर किए और शासन-प्रशासन को गति देने का संदेश दिया। इसके बाद आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में राज्य के विभिन्न विभागों के प्रमुख सचिवों और वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों सहित लगभग दो दर्जन से अधिक शीर्ष अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार की प्राथमिकता "समयबद्ध और परिणामोन्मुखी प्रशासन" होगी।

## कुर्सी संभालते ही नौकरशाहों की कसी नकेल

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि विकास परियोजनाओं में देरी या लापरवाही किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने लंबित योजनाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि सभी विभाग 30 से 90 दिनों के भीतर अपनी प्राथमिक परियोजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें। साथ ही, जिन योजनाओं में देरी हो रही है, उनके लिए जिम्मेदारी तय करने के संकेत भी दिए।

## चौधरी ने स्पष्ट किया विकास का रोडमैप

बिहार के 24वें मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पदभार संभालते ही शासन की प्राथमिकताओं को स्पष्ट कर दिया है। सचिवालय में उच्चस्तरीय बैठक और मीडिया से पहली बातचीत में उन्होंने कहा कि राज्य की करीब 12 करोड़ आबादी को ध्यान में रखते हुए विकास कार्यों को तेज, पारदर्शी और समयबद्ध बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने संकेत दिया कि सरकार पूर्ववर्ती योजनाओं की निरंतरता बनाए रखते हुए उन्हें परिणामोन्मुखी ढंग से आगे बढ़ाएगी।

## मंगल, चन्द्र, बृहस्पति और केतु का योग

बिहार की सियासत में सम्राट चौधरी का उभार अब सिर्फ राजनीतिक घटना नहीं, बल्कि ज्योतिषीय दुनिया में भी चर्चा का केंद्र बन हुआ है। एक ओर जहां ज्योतिषीय गणनाएं उनके सितारों को बुलंद बता रही हैं, वहीं दूसरी ओर उनका तेज राजनीतिक उत्थान फर्श से अर्श तक की कहानी के रूप में देखा जा रहा है। ज्योतिषाचार्य पंडित प्रसाद दीक्षित ने समाचार एजेंसी को बताया कि 06 मार्च, 2026 को ही ज्योतिषिय गणना के आधान पर हमने भविष्यवाणी की थी कि ग्रहों के योग से सम्राट चौधरी बिहार के अगले मुख्यमंत्री होंगे।

# छत्तीसगढ़ पावर प्लांट हादसा: अब तक 17 की मौत

- मजिस्ट्रियल जांच के आदेश, चार की मौके पर और 12 की हास्पिटल में गई जान

एजेंसी | सक्ती

वेदांता समूह के पावर प्लांट में मंगलवार दोपहर हुए भीषण हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 17 हो गई है, जबकि 18 मजदूर अब भी विभिन्न अस्पतालों में उपचाराधीन हैं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, चार मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि 12 ने इलाज के दौरान दम तोड़ा—इनमें 5 की मौत रायगढ़ मेडिकल कॉलेज, 5 की जिला अस्पताल रायगढ़ और 2 की रायपुर स्थित कालड़ा अस्पताल में हुई। घायलों में कई की हालत गंभीर बनी हुई है, जिससे मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।



## हादसे के बाद यूनिट-1 शटडाउन

हादसे के बाद प्लांट परिसर के बाहर परिजनों और स्थानीय लोगों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने प्रबंधन पर गंभीर लापरवाही आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। कुछ मजदूरों के अब भी लापता होने की आशंका जताई जा रही है।

## 35-35 लाख मुआवजा और एक नौकरी

मुआवजे के तौर पर वेदांता प्रबंधन ने मृतकों के परिजनों को 35-35 लाख रुपये और परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की घोषणा की है, जबकि घायलों को 15-15 लाख रुपये की सहायता दी जाएगी। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष के तहत मृतकों के परिजनों को 2 लाख रुपये और घायलों को 50 हजार रुपये दिए जाएंगे। वहीं विष्णु देव साय ने भी घटना पर शोक व्यक्त करते हुए राज्य सरकार की ओर से मृतकों के परिजनों 5 लाख रुपये और घायलों को 50 हजार रुपये की सहायता देने की घोषणा की है।

## कांग्रेस ने बनाई नौ सदस्यीय कमेटी

सक्ती जिले में वेदांता लिमिटेड के पावर प्लांट में हुए भीषण हादसे की गंभीरता को देखते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने भी अपनी जांच समिति गठित कर दी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर गठित इस समिति की कमान पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल को सौंपी गई है। समिति में कुल 9 सदस्य शामिल किए गए हैं, जो अलग-अलग क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करते हैं।

## गंगा में तीन किशोरियां डूबीं, तलाश जारी

एजेंसी | मीरजापुर

चील्ह थाना क्षेत्र के चेकसारी घाट पर बुधवार को गंगा में स्नान के दौरान बड़ा हादसा हो गया। गहरे पानी में जाने से तीन बच्चियां डूबने लगीं, जिन्हें बचाने उतरी महिला भी पानी में फंस गई। स्थानीय लोगों की मदद से महिला और एक बच्ची को सुरक्षित निकाल लिया गया, जबकि एक बच्ची की मौत हो गई और एक अन्य की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार, चेकसारी गांव निवासी रेखा देवी अपने परिवार के साथ गंगा स्नान के लिए घाट पर गई थीं। उनके साथ तीन किशोरियां—अंशिका (15), रंजना (13) और सोनम (14)—भी नदी में उतरी थीं। इसी दौरान अचानक गहराई बढ़ने से तीनों बच्चियां संतुलन खो बैठीं और डूबने लगीं। घटना देख रेखा देवी उन्हें बचाने के लिए नदी में कूद पड़ीं, लेकिन वह भी तेज धारा और गहराई में फंस गईं। मौके पर मौजूद मछुआरों ने तत्काल राहत कार्य शुरू किया और रेखा देवी व सोनम (14) को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

# औद्योगिक इकाइयों में बाहरी हस्तक्षेप अस्वीकार्य: योगी

- टाटा मोटर्स लखनऊ प्लांट से 10 लाखवीं बस रवाना

एजेंसी | लखनऊ

योगी आदित्यनाथ ने टाटा मोटर्स के लखनऊ प्लांट से 10 लाखवीं बस को फ्लैग-ऑफ करते हुए इसे राज्य की औद्योगिक प्रगति का महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि 34 वर्षों में 10 लाख वाहनों का उत्पादन उत्तर प्रदेश को ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने की दिशा में ठोस संकेत देता है।

## औद्योगिक विकास और इंफ्रास्ट्रक्चर पर फोकस



योगी आदित्यनाथ ने टाटा मोटर्स के लखनऊ प्लांट से 10 लाखवीं बस को फ्लैग-ऑफ करते हुए इसे राज्य की औद्योगिक प्रगति का महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि 34 वर्षों में 10 लाख वाहनों का उत्पादन उत्तर प्रदेश को ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने की दिशा में ठोस संकेत देता है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि किसी भी औद्योगिक इकाई या समूह के आंतरिक मामलों में बाहरी तत्वों के हस्तक्षेप की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने इसे औद्योगिक स्थिरता और उत्पादकता के लिए आवश्यक बताते हुए टीमवर्क, पारदर्शिता और संस्थागत अनुशासन पर जोर दिया।

# अगले पांच साल में 40000 रोजगार देगी टाटा मोटर्स: एन चंद्रशेखरन

- उत्तर प्रदेश में टाटा समूह का तेजी से हो रहा विस्तार

एजेंसी | लखनऊ

एन. चंद्रशेखरन ने कहा है कि उत्तर प्रदेश आने वाले वर्षों में देश का प्रमुख औद्योगिक और निर्यात केंद्र बन सकता है। उन्होंने संकेत दिया कि अगले पांच वर्षों में राज्य में टाटा समूह की उपस्थिति दोगुनी से अधिक हो जाएगी, जिससे बड़े पैमाने पर निवेश और रोजगार के अवसर सृजित होंगे। राज्य की बड़ी आबादी और युवा कार्यबल इसे "नेशनल ग्रोथ इंजन" बनने की क्षमता देते हैं।




## औद्योगिक क्षमता और निवेश पर फोकस

चंद्रशेखरन के अनुसार, बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर, निवेश-हितैषी नीतियां और मजबूत प्रशासनिक समर्थन के कारण उत्तर प्रदेश तेजी से औद्योगिक केंद्र के रूप में उभर रहा है। राज्य की बड़ी आबादी और युवा कार्यबल इसे "नेशनल ग्रोथ इंजन" बनने की क्षमता देते हैं।

# 78 साल का हुआ 30 रियासतों वाला हिमाचल

- हिमाचल दिवस पर पीएम मोदी ने दी शुभकामनाएं, समारोह में दिखी विरासत की झलक

एजेंसी | शिमला

हिमाचल प्रदेश ने बुधवार को अपना 78वां स्थापना दिवस व्यापक उत्साह के साथ मनाया। राज्य स्तरीय मुख्य समारोह किन्नौर जिले के रिकांगपिओ में आयोजित हुआ।

## ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और प्रशासनिक सफर

जहां मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। वहीं शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान सहित सभी 12 जिलों में कार्यक्रम आयोजित कर राज्य के गठन और विकास यात्रा को रेखांकित किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए हिमाचल की सांस्कृतिक समृद्धि, मेहनतकश समाज और सतत विकास की सराहना की।



## आर्थिक प्रगति: राष्ट्रीय औसत से आगे

सोलन जिला एशिया के प्रमुख फार्मा हब के रूप में उभर रहा है, जबकि कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों का सकल मूल्य 2021-22 के 22,428 करोड़ रुपये से बढ़कर 2025-26 में 32,415 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। पर्यटन क्षेत्र में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज हुई है।

## एमएलए अभय सिंह समेत छह आरोपी बरी

एजेंसी | वाराणसी

वर्ष 2002 में जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह पर हुए प्राणघातक हमले के बहुचर्चित मामले में करीब 24 वर्ष बाद विशेष एमपी/एमएलए अदालत ने सभी आरोपितों को बरी कर दिया। अदालत ने साक्ष्यों के अभाव में विधायक अभय सिंह और एमएलसी श्याम नारायण सिंह सहित कुल 6 आरोपितों को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त किया।

# महिला आरक्षण की बात भाजपा का ढकोसला: अजय राय

एजेंसी | लखनऊ

अजय राय ने महिला आरक्षण के मुद्दे पर केंद्र सरकार को घेरते हुए कहा कि प्रस्तावित प्रावधान "जमीनी स्तर पर प्रभावी नहीं" है। प्रेस वार्ता में उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी की नीतियों में महिलाओं को वास्तविक प्रतिनिधित्व देने की स्पष्ट समयसीमा और क्रियान्वयन तंत्र नहीं दिखता। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि उनकी पार्टी ने ऐतिहासिक रूप से महिलाओं को नेतृत्व के अवसर दिए—जैसे सरोजिनी नायडू, सुचेता कृपलानी, इंदिरा गांधी, प्रतिभा पाटिल और मीरा कुमार के उदाहरण देते हुए कहा कि महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना कांग्रेस की निरंतर प्राथमिकता रही है।






# LPG-PNG की 100% सप्लाई, स्टॉक पर्याप्त: सुजाता शर्मा

- पश्चिम एशिया संकट के बीच ऊर्जा आपूर्ति स्थिर

एजेंसी | नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव के बीच केंद्र सरकार ने देश में ऊर्जा आपूर्ति को स्थिर बनाए रखने का दावा किया है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि घरेलू उपभोक्ताओं को एलपीजी और पीएनजी की 100 फीसदी आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है, जबकि पेट्रोल पंपों पर ईंधन का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। सरकार के अनुसार, संकट के बावजूद आपूर्ति श्रृंखला को बनाए रखने के लिए त्वरित कदम उठाए गए हैं।



## चरणबद्ध तरीके से बहाल हो रही आपूर्ति

व्यावसायिक एलपीजी सप्लाई को चरणबद्ध तरीके से बहाल करते हुए इसे करीब 70 फीसदी स्तर तक पहुंचा दिया गया है, जिसमें अस्पताल, शैक्षणिक संस्थान और फार्मा, स्टील, ऑटोमोबाइल व कृषि जैसे प्रमुख क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जा रही है। छोटे उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए 5 किलोग्राम सिलेंडरों की उपलब्धता दोगुनी कर दी गई है, जबकि मिट्टी का तेल और कोयला जैसे वैकल्पिक ईंधन भी उपलब्ध कराए गए हैं।

## सुरक्षित वापस लाए गए 2,337 भारतीय नाविक

इस बीच रणधीर जायसवाल ने बताया कि नरेन्द्र मोदी और डोनाल्ड ट्रंप के बीच हालिया बातचीत में पश्चिम एशिया की स्थिति और होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित बनाए रखने पर चर्चा हुई, जो वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिए महत्वपूर्ण है। समुद्री परिवहन के मोर्चे पर भी स्थिति सामान्य बताई गई है। मंत्रालय के अनुसार, अब तक 2,337 भारतीय नाविकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की गई है, जबकि पिछले 24 घंटों में 75 नाविकों को वापस लाया गया। डीजी शिपिंग कंट्रोल रूम ने कुल 6,449 कॉल और 13,343 ईमेल संभाले हैं।

## दो माह में 20 लाख उद्यमों का पंजीकरण

वहीं सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र में भी गतिविधियां मजबूत बनी हुई हैं। फरवरी-मार्च के दौरान 20 लाख से अधिक नए उद्यम पंजीकरण हुए, जिससे कुल पंजीकृत इकाइयों की संख्या 8 करोड़ से अधिक हो गई। इस क्षेत्र को दिया गया कुल ऋण बढ़कर 36.7 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है, जबकि तिमाही क्रेडिट वृद्धि दर 23.5 फीसदी दर्ज की गई। बिना गारंटी वाले ऋण की सीमा को 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख रुपये करने का निर्णय लिया गया है, जो 1 अप्रैल 2026 से लागू होगा।

## फिक्की में नेतृत्व बदलाव: अनंत स्वरूप बने महासचिव

एजेंसी | नई दिल्ली

देश के प्रमुख उद्योग संगठन फिक्की ने वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी अनंत स्वरूप को अपना नया महासचिव नियुक्त किया है। इस नियुक्ति के साथ संगठन के शीर्ष नेतृत्व को रणनीतिक और नीतिगत स्तर पर मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। वहीं ज्योति विज महानिदेशक के पद पर यथावत बनी रहेंगी। फिक्की के अनुसार, अनंत स्वरूप के पास 30 वर्ष से अधिक का प्रशासनिक और नीतिगत अनुभव है। वे 1992 बैच के भारतीय रेलवे कार्मिक सेवा (IRPS) अधिकारी हैं और केंद्र सरकार में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके हैं।

# शांति वार्ता की उम्मीद बाजार में रौनक

एजेंसी | नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में संभावित शांति वार्ता के संकेतों से घरेलू शेयर बाजार में जोरदार तेजी दर्ज की गई। BSE Sensex और NSE Nifty 50 दोनों प्रमुख सूचकांक पूरे सत्र में मजबूत रुख के साथ कारोबार करते रहे और अंत में 1.6 प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ बंद हुए। दिनभर के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1,263.67 अंक यानी 1.64 प्रतिशत की बढ़त के साथ 78,111.24 के स्तर पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 388.65 अंक यानी 1.63 प्रतिशत चढ़कर 24,231.30 पर पहुंच गया।



## बढ़त में दिखे सभी इंडेक्स

सेक्टोरल स्तर पर लगभग सभी इंडेक्स बढ़त में रहे। आईटी, कैपिटल गुड्स, ऑयल एंड गैस, रियल्टी और इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों में 2 प्रतिशत से अधिक की तेजी दर्ज की गई, जबकि बैंकिंग, ऑटो, एफएमसीजी और हेल्थकेयर सेक्टर भी 1 प्रतिशत से अधिक की मजबूती के साथ बंद हुए।

## सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड में जोरदार रिटर्न

एजेंसी | नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 2019-20 की सीरीज-5 के सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड के प्रीमेच्योर रिडेंप्शन के लिए 15,009 प्रति यूनिट का मूल्य तय किया गया है, जिससे निवेशकों को उल्लेखनीय लाभ मिला है। इस सीरीज में जारी होने के समय निवेशकों ने 3,788 प्रति यूनिट (एक यूनिट = 1 ग्राम) के हिसाब से निवेश किया था, जो अब बढ़कर करीब 296% रिटर्न के साथ 11,221 प्रति यूनिट के मुनाफे में बदल गया है। रिडेंप्शन मूल्य तय करने के लिए 9, 10 और 13 अप्रैल के 24 कैरेट सोने के औसत क्लोजिंग प्राइस का उपयोग किया गया।

# 24 कैरेट सोना ₹1.55 लाख के करीब

- सुनहरी धातु में तेजी, चांदी में हल्की गिरावट

एजेंसी | नई दिल्ली

घरेलू सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमतों में मजबूती दर्ज की गई, जबकि चांदी में मामूली गिरावट देखी गई। मांग में स्थिरता और वैश्विक संकेतों के प्रभाव से 24 कैरेट सोना देशभर में 1,53,940 से 1,55,140 प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार करता रहा। वहीं 22 कैरेट सोने की कीमत 1,41,110 से 1,42,210 प्रति 10 ग्राम के बीच रही।

## दक्षिण भारत में अधिक रही तेजी




दक्षिण भारत के प्रमुख बाजार चेन्नई में सोने के भाव सबसे ऊपरी दायरे में रहे, जहां 24 कैरेट सोना 1,55,140 प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,42,210 प्रति 10 ग्राम तक पहुंच गया। कोलकाता, भोपाल, लखनऊ, पटना और जयपुर में भी कीमतें लगभग इसी दायरे में स्थिर रहीं। इसके अलावा बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर जैसे शहरों में भी 24 कैरेट सोना करीब 1,53,940 प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,41,110 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बना रहा। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, वैश्विक आर्थिक संकेत, मुद्रा उतार-चढ़ाव और सुरक्षित निवेश (safe haven) की मांग सोने की कीमतों को सहारा दे रही है, जबकि चांदी में औद्योगिक मांग के उतार-चढ़ाव के कारण सीमित कमजोरी देखी जा रही है।

# डब्ल्यूटीआई 86.96 डॉलर तक फिसला

- वैश्विक तेल बाजार में नरमी, दो दिन में करीब 8% गिरावट

एजेंसी | नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय तेल बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट दर्ज की गई है। संभावित कूटनीतिक पहल के संकेतों के बीच संयुक्त राज्य अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता की उम्मीदों ने सप्लाई जोखिम को कम किया, जिससे कच्चे तेल की कीमतों पर दबाव बना। कारोबार के दौरान WTI क्रूड ऑयल घटकर 86.96 डॉलर प्रति बैरल तक आ गया, हालांकि बाद में इसमें आंशिक सुधार देखा गया।



## 94.45 डालर से शुरू हुआ कारोबार

दूसरी ओर ब्रेंट क्रूड ने 94.45 डॉलर प्रति बैरल के स्तर से कारोबार शुरू किया और गिरकर 93.96 डॉलर तक पहुंचा, लेकिन बाद में तेजी के साथ 95.78 डॉलर के उच्च स्तर को छुआ। भारतीय समयानुसार सुबह 11 बजे ब्रेंट करीब 95.69 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। इसी अवधि में डब्ल्यूटीआई क्रूड शुरुआती गिरावट के बाद उछलकर 92.38 डॉलर तक गया और 11 बजे के आसपास 91.67 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेड करता दिखा।

## उच्च कीमतों के चलते कम हो सकती है खपत

हालांकि, विश्लेषकों का मानना है कि बाजार अभी भी सीमित दायरे में उतार-चढ़ाव देख रहा है, क्योंकि भू-राजनीतिक स्थिति पूरी तरह स्थिर नहीं हुई है। पश्चिम एशिया में हालिया तनाव के कारण वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल और पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति प्रभावित हुई थी, जिससे कीमतों में तेजी आई और आयातक देशों पर दबाव बढ़ा। ऊर्जा क्षेत्र की निगरानी करने वाली एजेंसियों का अनुमान है कि उच्च कीमतों के चलते वैश्विक तेल खपत में कमी आ सकती है, जिसका असर वैश्विक आर्थिक वृद्धि पर पड़ सकता है।

# बैडमिंटन के दिग्गज विक्टर एक्सेलसन ने लिया संन्यास पीठ की चोट बनी वजह

**एजेंसी। कोपेनहेगन**

डेनमार्क के दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी विक्टर एक्सेलसन ने 32 वर्ष की उम्र में पेशेवर बैडमिंटन से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। दो बार के ओलंपिक और विश्व चैंपियन रहे एक्सेलसन ने बुधवार को सोशल मीडिया के जरिए यह जानकारी दी। एक्सेलसन ने अपने बयान में कहा,आज का दिन मेरे लिए आसान नहीं है। लगातार पीठ की समस्या के कारण अब मैं उच्च स्तर पर खेल और ट्रेनिंग जारी नहीं रख सकता। इस स्थिति को स्वीकार करना बेहद कठिन रहा, लेकिन अब मेरा शरीर मुझे आगे खेलने की अनुमति नहीं देता। विक्टर एक्सेलसन पहली बार 2010 में चर्चा में आए थे, जब उन्होंने जूनियर विश्व चैंपियन का खिताब जीता था। इसके बाद उन्होंने अपने करियर में कई ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल कीं। उन्होंने टोक्यो ओलंपिक 2021 और पेरिस ओलंपिक 2024 में लगातार दो स्वर्ण पदक जीते, जबकि रियो ओलंपिक 2016 में कांस्य पदक अपने नाम किया। इसके अलावा, उन्होंने 2017 और 2022 में विश्व चैंपियनशिप खिताब भी जीते। एक्सेलसन ने 2021 से 2023 तक लगातार तीन बार बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स जीतकर अपनी श्रेष्ठता साबित की। वह तीन बार यूरोपीय चैंपियन भी रहे और 2016 में डेनमार्क को पहली बार थॉमस कप जिताने में अहम भूमिका निभाई। पुरुष बैडमिंटन रैंकिंग में एक्सेलसन कुल 183 सप्ताह तक नंबर एक स्थान पर रहे, जो इतिहास में तीसरा सबसे लंबा समय है। उनसे आगे केवल मलेशिया के ली चोंग वेई (398 सप्ताह) और चीन के लिन डैन (211 सप्ताह) हैं।



अपने करियर को याद करते हुए एक्सेलसन ने कहा, 'जब मैंने पहली बार रैकेट उठाया था, तभी मेरा सपना दुनिया का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनना था। मैंने इस खेल के लिए अपना सब कुछ दिया। यह सिर्फ मेरा करियर नहीं, बल्कि मेरी जिंदगी रहा है।' उन्होंने आगे कहा, 'मैंने अपने सपनों से भी ज्यादा हासिल किया है। सबसे मुश्किल बात प्रतिस्पर्धा को छोड़ना नहीं, बल्कि उससे जुड़ी यादें, सफर और लोग हैं।' गौरतलब है कि एक्सेलसन पिछले साल अक्टूबर में फ्रेंच ओपन के बाद से ही मैदान से बाहर थे। उनके संन्यास के साथ बैडमिंटन जगत के एक स्वर्णिम अध्याय का अंत हो गया है।

# महाराष्ट्र में पहली बार शूटिंग लीग का आयोजन

» पुणे 17 से 19 अप्रैल तक करेगा मेजबानी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

महाराष्ट्र में निशानेबाजी खेल को नई दिशा देने की पहल के तहत पहली बार 'शूटिंग लीग ऑफ महाराष्ट्र' का आयोजन किया जा रहा है। यह लीग 17 से 19 अप्रैल तक पुणे के अमनोरा पार्क स्थित छत्रगुज नर्सेस स्कूल में आयोजित होगी। महाराष्ट्र राइफल एसोसिएशन द्वारा आयोजित यह लीग देश में शूटिंग लीग ऑफ इंडिया के ढांचे को राज्य स्तर पर लागू करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। हाल ही में कर्नाटक में सफल आयोजन के बाद अब महाराष्ट्र इसका अगला चरण बन रहा है। इस लीग का मुख्य उद्देश्य राज्य में प्रतिभाओं को मंच देना, प्रतिस्पर्धा को मजबूत करना और निशानेबाजी खेल को आम दर्शकों तक पहुंचाना है। आयोजन के जरिए खेल की लोकप्रियता बढ़ाने और नए खिलाड़ियों को प्रेरित करने पर भी जोर दिया गया है।

SHOOTING LEAGUE OF MAHARASHTRA
MAHARASHTRA RIFLE ASSOCIATION

## समान अवसर का संदेश

लीग में किसी भी प्रकार का लैंगिक भेदभाव नहीं रखा गया है। इसमें पुरुष और महिला खिलाड़ी एक साथ टीमों में खेलेंगे, जिससे समान अवसर और समावेशिता को बढ़ावा मिलेगा। महाराष्ट्र के विभिन्न जिलों की भागीदारी के साथ यह लीग राज्य में निशानेबाजी के आधार को मजबूत करने और खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने में मददगार साबित होगी। साथ ही, यह आयोजन खेल और दर्शकों के बीच बेहतर जुड़ाव बनाने की दिशा में भी एक अहम पहल माना जा रहा है। शूटिंग लीग ऑफ महाराष्ट्र का यह पहला संस्करण देश में शूटिंग लीग ऑफ इंडिया के व्यापक विजन को जमीन पर उतारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## 18 टीमें, 144 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

इस पहली लीग में महाराष्ट्र के विभिन्न जिलों की 18 टीमें भाग लेंगी, जिनमें कुल 144 खिलाड़ी 10 मीटर राइफल और पिस्टल स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा करेंगे। खास बात यह है कि लीग टीम आधारित प्रारूप में खेली जाएगी, जिससे क्षेत्रीय पहचान और प्रतिस्पर्धा का स्तर और मजबूत होगा। लीग में छोटे और तेज फॉर्मेट के मुकाबले होंगे, जिससे दर्शकों के लिए मुकाबले अधिक रोमांचक और समझने में आसान बनेंगे। ओलंपियन और दिग्गज खिलाड़ी निभाएंगे मेंटर की भूमिका इस लीग में भारत के कई दिग्गज निशानेबाज और कोच मेंटर के रूप में शामिल होंगे। इनमें राही सरनोबत, अंजली भागवत, सुमा शिरूर, दीपाली देशपांडे, तेजस्विनी सावंत, रुद्रांश पाटिल और कोच रोनक पंडित जैसे नाम शामिल हैं। ये सभी खिलाड़ी युवा प्रतिभाओं को मार्गदर्शन देंगे।

## न्यूज़ ब्रीफ

### मारवाड़ी क्रिकेट क्लब विजयी

**मुंबई।** मारवाड़ी क्रिकेट क्लब ने इस्लाम जिमखाना पर खेले जा रहे 76वें सालार जंग इन्विटेशन टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता के क्वार्टरफाइनल मुकाबले में मुस्लिम यूनाईटेड स्पोर्ट्स क्लब को छह विकेट से परास्त करके सेमीफाइनल में जगह बनाई। मारवाड़ी क्रिकेट क्लब की जीत में विनय कुंवर ने मुख्य भूमिका निभाई, उन्होंने मात्र 33 गेंदें खेलकर दो चौके और सात छक्के की मदद से नाबाद 64 रनों की पारी खेली। मुस्लिम यूनाईटेड स्पोर्ट्स क्लब ने निर्धारित 20 ओवरों में 182 रनों का बड़ा लक्ष्य दिया, लेकिन मारवाड़ी क्रिकेट क्लब की ओर से विनय कुंवर (नाबाद 64 रन) और प्रसाद पवार ने (नाबाद 32 रन) ने इसे आसान कर दिया।


### पीएसजी ने एंफील्ड में लिवरपूल को हराकर चैंपियंस लीग सेमीफाइनल में बनाई जगह

**लिवरपूल।** पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एंफील्ड में लिवरपूल को 2-0 से हराकर यूएफा चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। इस जीत के साथ पीएसजी ने दो मैचों के कुल स्कोर में 4-0 से मुकाबला अपने नाम किया। डिफेंडिंग चैंपियन पीएसजी अब लगातार दूसरी बार खिताब जीतने के करीब पहुंच गया है। अगर वह ऐसा करने में सफल रहता है, तो आधुनिक दौर में रियल मैड्रिड के बाद ऐसा करने वाला दूसरा क्लब बन जाएगा। मैच में बैलन डी'ऑर विजेता उस्मान डेम्बेले ने दूसरे हाफ में दो गोल दागकर लिवरपूल की वापसी की उम्मीदों को पूरी तरह खत्म कर दिया। उनका पहला गोल 72वें मिनट में आया, जब उन्होंने बॉक्स के बाहर से सटीक शॉट लगाकर गेंद को जाल में पहुंचाया। इसके बाद इंजरी टाइम में उन्होंने दूसरा गोल कर टीम की जीत पक्की कर दी। पीएसजी के कोच लुइस एनरिके ने मैच के बाद कहा,"चैंपियंस लीग खिताब बचाना आसान नहीं होता, लेकिन हम फिर से यहां हैं और हमें इस मौके का पूरा फायदा उठाना होगा।

# आईपीएल 2026: धीमी ओवर गति के लिए अजिंक्य रहाणे पर 12 लाख का जुर्माना

**एजेंसी। चेन्नई**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के मैच नंबर 22 में धीमी ओवर गति बनाए रखने के कारण कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत यह इस सीजन में उनकी टीम का पहला उल्लंघन था, जो न्यूनतम ओवर गति से संबंधित है। इसी कारण रहाणे पर यह जुर्माना लगाया गया। यह मुकाबला चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेला गया, डीजिसमें कोलकाता को 32 रन से हार का सामना करना पड़ा। मैच में चेन्नई सुपर किंग्स ने पहले



बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 192 रन बनाए। जवाब में कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम 20 ओवर में 7 विकेट पर 160 रन ही बना सकी और लक्ष्य से पीछे रह गई। इस तरह एक ओर जहां कोलकाता को हार झेलनी पड़ी, वहीं धीमी ओवर गति के कारण कप्तान अजिंक्य रहाणे पर जुर्माना भी लगाया गया।

# क्रिकेट पत्रिका विजडन ने दीप्ति शर्मा को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुना

**एजेंसी। आगरा**

क्रिकेट जगत में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगरा का नाम रोशन करने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने एक और उपलब्धि हासिल कर आगरा का गौरव बढ़ाया है। ब्रिटेन की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट पत्रिका ने दीप्ति शर्मा को साल का सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर चुना है इससे उत्तर प्रदेश के आगरा में खुशी की लहर की है। भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा को विजडन अल्मानैक 2026 में प्रतिष्ठित 'लीडिंग वुमन क्रिकेटर इन द वर्ल्ड' (वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर) के रूप में रैंकिंग देकर सम्मानित किया गया है। उन्होंने 2025 आई सी सी महिला वनडे विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 22 विकेट लेने और 215 रन बनाने के लिए यह पुरस्कार जीता।

# विंबलडन 2028 से पहले ग्रासकोर्ट एटीपी टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा इटली

**एजेंसी। रोम**


इटली टेनिस जगत में अपनी मजबूत होती स्थिति को और आगे बढ़ाते हुए 2028 से विंबलडन से पहले एक नया ग्रासकोर्ट एटीपी टूर्नामेंट आयोजित करेगा। इटालियन टेनिस और पैडल महासंघ ने ब्रुसेल्स में अक्टूबर में खेले जाने वाले एटीपी 250 स्तर के टूर्नामेंट के अधिकार खरीद लिए हैं, जिसे अब जून महीने में इटली में आयोजित किया जाएगा। महासंघ के अध्यक्ष एंजेलो बिनाघी ने मंगलवार को इसकी घोषणा करते हुए कहा कि टूर्नामेंट के आयोजन स्थल पर अभी अंतिम निर्णय होना बाकी है, लेकिन मौसम को देखते हुए इसे उत्तरी इटली में आयोजित किए जाने की संभावना है। उन्होंने संकेत दिया कि मिलान का ऐतिहासिक सैन सिरो स्टेडियम भी संभावित स्थल हो सकता है, जहां फुटबॉल मैदान के भीतर ग्रासकोर्ट तैयार किया जा सकता है। बिनाघी ने कहा कि स्पेन के मैड्रिड ओपन में सैंटियागो बर्नाबेउ स्टेडियम के भीतर अभ्यास कोर्ट बनाए जा रहे हैं, इसलिए यह विचार नया नहीं है। इटली इससे पहले 2022 से 2024 तक गाइबा में महिला ग्रासकोर्ट टूर्नामेंट की मेजबानी कर चुका है। इसके अलावा, देश 2030 तक ट्यूरिन में एटीपी फाइनल्स और अगले साल तक बोलोग्ना में डेविस कप फाइनल्स की मेजबानी कर रहा है। इस बीच, इटालियन ओपन की तैयारियां भी जोरों पर हैं, जो अगले महीने आयोजित होगा। हाल ही में मोंटे कार्लो मास्टर्स के फाइनल में यानिक सिनर ने कार्लोस अल्काराज को हराया, जिससे आयोजकों को उम्मीद है कि वह 50 साल बाद पुरुष एकल खिताब जीतने वाले पहले इटालियन खिलाड़ी बन सकते हैं। महासंघ ने बताया कि इटालियन ओपन के मुख्य कोर्ट 'कैंपो सेंट्राले' पर रिट्रैक्टेबल रूफ का निर्माण इस साल के टूर्नामेंट के तुरंत बाद शुरू होगा, जिसे 2028 तक पूरा करने का लक्ष्य है। इसके बाद स्टेडियम की क्षमता 10,500 से बढ़ाकर 12,400 कर दी जाएगी। बिनाघी ने यह भी कहा



कि उनका लक्ष्य इटालियन ओपन को भविष्य में पांचवां ग्रैंड स्लैम बनाना है, जो ऑस्ट्रेलियन ओपन, फ्रेंच ओपन, विंबलडन और यूएस ओपन के साथ शामिल हो सके। उन्होंने कहा, "हम इस लक्ष्य के बारे में हर दिन सोचते हैं। यह एक छोटा अवसर है, लेकिन अगर हम इसे हासिल कर लेते हैं, तो इटली को लंबे समय तक इसका लाभ मिलेगा। यह हमारा सपना है।"

## बॉ ली वु ड

# राशा थडानी और वीर हिरानी का बड़ा डेब्यू



बॉलीवुड में एक और स्टार किड डेब्यू की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। अभिनेत्री रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी और निर्देशक राजकुमार हिरानी के बेटे वीर हिरानी अब एक साथ बड़े पर्दे पर नजर आने वाले हैं। दोनों की जोड़ी फिल्म 'लगन लागी रे' में देखने को मिलेगी, जिसे एक फ्रेश रोमांटिक कहानी के रूप में पेश किया जाएगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस फिल्म के लिए काफी समय से लीड एक्ट्रेस की तलाश चल रही थी, जो अब जाकर राशा थडानी पर खत्म हुई है। निर्माता जय शेवक्रमणि इस फिल्म को प्रोड्यूस कर रहे हैं और उनका मानना है कि वीर और राशा की नई जोड़ी दर्शकों को खास तौर पर आकर्षित करेगी। यह फिल्म युवाओं पर आधारित एक रोमांटिक कहानी होगी, जिसमें दोनों कलाकार इश्क लड़ाते नजर आएंगे। फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी सोनाली रतन देशमुख संभाल रही हैं, जिन्होंने पहले 'जन्नत', 'तुम मिले' और 'शिद्दत' जैसी फिल्मों में बतौर सहायक निर्देशक काम किया है। फिल्म की शूटिंग जुलाई 2026 से शुरू होने की योजना है और इसे एक बड़े स्तर पर तैयार किया जाएगा। वर्क फ्रंट की बात करें तो वीर हिरानी इससे पहले प्रीतम पेड्रो के जरिए ओटीटी पर डेब्यू करेंगे, जिसमें अरशद वारसी और विक्रांत मैसी भी नजर आएंगे। वहीं राशा थडानी ने आजाद से अपने करियर की शुरुआत की थी। अब 'लगन लागी रे' के जरिए दोनों स्टार किड्स बड़े पर्दे पर अपनी नई पहचान बनाने के लिए तैयार हैं।

# मनोज बाजपेयी की फिल्म में दिव्या दत्ता की एंट्री



अभिनेता मनोज बाजपेयी अपनी अगली फिल्म को लेकर चर्चा में हैं, जिसमें उनके साथ दिव्या दत्ता नजर आएंगी। खास बात यह है कि इस फिल्म में दिव्या एक खलनायिका की भूमिका निभाते हुए दिखाई देंगी, जो कहानी में नया मोड़ लाएगी। यह फिल्म चर्चित लेखक अरविंद अडिगा के उपन्यास 'लास्ट मैन इन टावर' पर आधारित है, जिसका ऐलान नवंबर 2025 में किया गया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी राणा दग्गुबाती ने संभाली है। सूत्रों के अनुसार, दिव्या का किरदार केवल नकारात्मक नहीं बल्कि कई परतों वाला होगा, जहां वह चालाक और निर्मम हैं, वहीं उसमें मानवीय कमजोरियां भी झलकेंगी। फिल्म की कहानी मुख्य रूप से मनोज और दिव्या के किरदारों के बीच टकराव और तनाव पर आधारित होगी। फिल्म की शूटिंग जुलाई से दिसंबर 2026 के बीच शुरू होने की योजना है। हाल ही में दिव्या दत्ता को उनकी वेब सीरीज 'चिरैया' के लिए सराहना मिली है। ऐसे में इस फिल्म में उनका यह नकारात्मक किरदार दर्शकों के लिए खास आकर्षण बन सकता है।

# 'गिन्नी वेड्स सनी 2' के नए रोमांटिक गाने में बिखेरा जादू


प्यार का मौसम एक बार फिर लौट आया है! 'गिन्नी वेड्स सनी 2' के मेकर्स ने अपना नया गाना "तुमपे ही प्यार आ गया" रिलीज़ कर दिया है। यह एक खूबसूरत रोमांटिक गाना है, जो दोस्ती से प्यार तक के सफर को बहुत ही प्यारे अंदाज़ में दिखाता है। "छाप तिलक" की मस्ती और "ऐ खुदा" की भावनात्मक गहराई के बाद, यह गाना फिल्म के म्यूज़िक एल्बम का एक और खास हिस्सा बनकर सामने आया है। यह गाना उभरते हुए प्यार की मासूमियत और भावनाओं को बहुत ही सादगी और गर्मजोशी के साथ पेश करता है। गाने के वीडियो में अविनाश तिवारी और मेधा शंकर की जोड़ी बेहद प्यारी लग रही है। दोनों की केमिस्ट्री और स्क्रीन प्रेज़ेंस दिल को छू लेने वाली है, जिसमें वे दोस्ती से प्यार तक के सफर को बहुत ही सहज तरीके से दिखाते हैं। इस गाने को मशहूर गायक सोनू निगम ने अपनी आवाज़ दी है। म्यूज़िक सुषांत-शंकर ने दिया है और इसके बोल कुमार ने लिखे हैं। "तुमपे ही प्यार आ गया" सिर्फ एक गाना नहीं, बल्कि सच्चे और मासूम प्यार का जश्न है। अविनाश तिवारी ने कहा, "यह गाना ऐसा है जो धीरे-धीरे लोगों के दिल में बस जाएगा। और एक बार पसंद आ गया, तो फिर




भूलना मुश्किल होगा। जिन लोगों की प्यार की कहानी दोस्ती से शुरू हुई है, वे इस गाने से जुड़ाव महसूस करेंगे।

# यश ने 'टॉक्सिक' को बताया पारंपरिक गैंगस्टर फिल्मों से बिल्कुल अलग

सिनेमाकॉन 2026 में अभिनेता यश ने अपनी आगामी फिल्म 'टॉक्सिक' को लेकर कई अहम खुलासे किए। उन्होंने साफ किया कि यह फिल्म पारंपरिक एक्शन-गैंगस्टर शैली से अलग होगी और इसे अंग्रेजी में भी फिल्माया गया है, जिससे यह वैश्विक दर्शकों तक पहुंचेगी। यश के मुताबिक, यह फिल्म सिर्फ एक्शन तक सीमित नहीं है, बल्कि मानवीय स्वभाव और मनोविज्ञान के जटिल पहलुओं को भी गहराई से दिखाती है। यश ने फिल्म की निर्देशक गीतू मोहनदास की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि गीतू ने इस जॉनर को एक नया दृष्टिकोण दिया है और उनकी कहानी कहने की शैली दर्शकों पर गहरा प्रभाव छोड़ेगी। यश के अनुसार, 'टॉक्सिक' दर्शकों को न सिर्फ एक शानदार विजुअल अनुभव देगी, बल्कि उन्हें भावनात्मक और मानसिक स्तर पर भी जोड़ने में सफल होगी। अभिनेता ने यह भी बताया कि भारतीय सिनेमा अब तेजी से बदल रहा है और 'टॉक्सिक' जैसी फिल्में इस बदलाव की मिसाल हैं, जो वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना रही हैं।



# 'वाराणसी' की शूटिंग में देरी



वाराणसी निर्देशक एसएस राजामौली की बहुप्रतीक्षित फिल्म '' एक बार फिर चर्चा में है। फिल्म अपनी स्टारकास्ट और भव्य पैमाने के कारण पहले ही सुर्खियों में थी, लेकिन अब अंतरराष्ट्रीय हालात ने इसकी शूटिंग योजना को प्रभावित कर दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मध्य पूर्व में जारी तनाव के चलते फिल्म का विदेशी शेड्यूल रद्द कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि एसएस राजामौली ने अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष को देखते हुए यह फैसला लिया है। इसके बाद फिल्म की शूटिंग को फिलहाल हैदराबाद स्थानांतरित कर दिया गया है। टीम अब तेलंगाना के शमशाबाद इलाके में अगले शेड्यूल की तैयारी कर रही है, जहां तकनीकी सेटअप तैयार किया जा रहा है। फिल्म 'वाराणसी' में महेश बाबू मुख्य भूमिका में नजर आएंगे, जबकि पृथ्वीराज सुकुमारन खलनायक की भूमिका निभा रहे हैं। इसके अलावा प्रियंका चोपड़ा इस फिल्म के जरिए भारतीय सिनेमा में वापसी कर रही हैं, जिससे फिल्म को लेकर उत्साह और बढ़ गया है। गौरतलब है कि हाल के समय में कई बड़ी फिल्मों की शूटिंग भी अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों से प्रभावित हुई है, जिनमें 'राका', 'किंग', 'ड्रैगन' और 'वेलकम टू द जंगल' शामिल हैं। 'वाराणसी' को 7 अप्रैल 2027 को तेलुगु, हिंदी, तमिल, मलयालम और कन्नड़ भाषाओं में रिलीज किया जाएगा।

# होर्मुज नाकेबंदी से मुक्त

▶▶ ट्रंप ने कहा- पूरी दुनिया और चीन के लिए खत्म की नाकेबादी

▶▶ ट्रंप के विरोधाभासी संकेत, वैश्विक ऊर्जा बाजार में अनिश्चितता

**एजेंसी । नई दिल्ली**

डोनाल्ड ट्रंप ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को लेकर नया बयान देते हुए कहा कि वे इसे "दुनिया और चीन के लिए स्थायी रूप से खोल रहे हैं", जिससे वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति में राहत की उम्मीद जताई जा रही है। ट्रंप ने यह भी संकेत दिया कि क्षेत्रीय तनाव कम करने के लिए कूटनीतिक प्रयास जारी हैं और ईरान से जुड़े मुद्दों पर प्रगति हो सकती है।



## शी जिनपिंग से मुलाकात संभव

उल्लेखनीय है कि होर्मुज जलडमरूमध्य से वैश्विक समुद्री तेल परिवहन का लगभग 20-25 प्रतिशत गुजरता है, इसलिए यहां की स्थिति में बदलाव का सीधा असर अंतरराष्ट्रीय बाजार और ऊर्जा कीमतों पर पड़ता है। ट्रंप ने आगामी हफ्तों में शी जिनपिंग से संभावित मुलाकात का भी जिक्र किया, जिसमें व्यापार और ऊर्जा सुरक्षा जैसे मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है।

## विफल रही इस्लामाबाद वार्ता

इससे पहले ट्रंप द्वारा घोषित नौसैनिक नाकेबंदी ने वैश्विक स्तर पर चिंता बढ़ा दी थी। इस्लामाबाद में अमेरिका-ईरान के बीच करीब 21 घंटे चली वार्ता बिना समझौते के समाप्त होने के बाद अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों की ओर जाने वाले जहाजों को रोकने का संकेत दिया था।

## राष्ट्रपति को गले लगाऊंगा

ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर कहा कि उन्होंने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को स्थायी रूप से खोल दिया है। उन्होंने लिखा- 'चीन बहुत खुश है कि मैं होर्मुज स्ट्रेट को स्थायी रूप से खोल रहा हूं। मैं यह उनके लिए भी कर रहा हूं और दुनिया के लिए भी। ऐसी स्थिति फिर कभी नहीं होगी। वे ईरान को हथियार न भेजने पर सहमत हो गए हैं। जब मैं कुछ हफ्तों में राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मिलने वहां जाऊंगा तो मुझे

## गलत तरीके से पेश किया बयान

ट्रंप ने कहा जैसे ही यह (युद्ध) खत्म होगा, तेल की कीमतें बहुत तेजी से नीचे आएंगी और बहुत जल्द यह स्थिति बदल सकती है। दावा किया कि पहले दिए गए उनके बयान को गलत तरीके से पेश किया गया था, जिसमें उन्होंने ईंधन की कीमतों को लेकर अलग टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा कि यूएस में गैस की कीमतें, जो फिलहाल 4 डॉलर प्रति गैलन से अधिक हैं, आगामी चुनावों तक नीचे आ सकती हैं।

# नाकेबंदी के बीच कांडला पहुंची 20400 मीट्रिक टन LPG

▶▶ युद्ध विराम के बाद भारत पहुंचने वाला पहला जहाज

**एजेंसी । नई दिल्ली**



पश्चिम एशिया में तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य में अमेरिकी नाकेबंदी के बीच भारत को ऊर्जा आपूर्ति के मोर्चे पर राहत मिली है। एलपीजी टैंकर जग विक्रम 20,400 मीट्रिक टन एलपीजी लेकर गुजरात के कांडला पोर्ट पहुंच गया। अमेरिका और ईरान के बीच घोषित दो सप्ताह के अस्थायी युद्धविराम के बाद यह होर्मुज पार कर भारत पहुंचने वाला पहला भारतीय जहाज है। यह टैंकर 11 अप्रैल को

### खाड़ी में अभी कई जहाज

तनाव से पहले होर्मुज क्षेत्र में कुल 28 भारतीय जहाज मौजूद थे, जिनमें 24 पश्चिमी और 4 पूर्वी हिस्से में थे। युद्धविराम से पहले पश्चिमी हिस्से से 8 जहाज और पूर्वी हिस्से से 2 जहाज सुरक्षित निकाले जा चुके थे।

### होर्मुज से होती है बड़ी सप्लाई

भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है—करीब 88% कच्चा तेल, 50% प्राकृतिक गैस और 60% एलपीजी—जिसकी प्रमुख आपूर्ति होर्मुज मार्ग से होती है। ऐसे में इस टैंकर का सुरक्षित पहुंचना आपूर्ति श्रृंखला के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# क्यों नहीं करवाया कंकाल का DNA टेस्ट : हाईकोर्ट

## नौ माह पुराने मिसिंग केस में डीजीपी से जवाब तलब

**एजेंसी । रांची**




बोकारो से 18 वर्षीय युवती के गुमशुदगी से जुड़े मामले में बरामद नरकंकाल का मामला बुधवार को उच्च न्यायालय में उठा। प्रार्थी के अधिवक्ता की ओर से अदालत को बताया गया कि यह कंकाल युवती का नहीं है। सरकार की ओर से बताया गया कि कंकाल का पोस्टमार्टम किया जाएगा। एफएसएल और डीएनए जांच भी होगी। इस पर कोर्ट ने पूछा कि जो कंकाल बरामद हुआ है, उसका अब तक डीएनए जांच हुआ या नहीं? क्या इस डीएनए टेस्ट के लिए युवती के माता-पिता का सैंपल लिया गया है। जिसका सरकार की ओर से संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। सुनवाई के दौरान डीजीपी वर्चुअल रूप से हाजिर हुईं।

## थानेदार समेत 28 पुलिसकर्मी सस्पेंड

बोकारो एसपी ने इस मामले में लापरवाही बरतने पर पिंडराजोड़ा थाना के थाना प्रभारी सहित 28 पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। उल्लेखनीय है कि मामले में लड़की की मां ने हेवियस कॉपस दायर की है। युवती 31 जुलाई 2025 से लापता थी। मामले को लेकर बोकारो के पिंडराजोड़ा थाना में (कांड संख्या 147 /2025) दर्ज किया गया था।

## डीजीपी, एसपी समेत कई तलब

अदालत ने मामले में डीजीपी, बोकारो एसपी, एफएसएल डायरेक्टर और नई एसआईटी टीम को सारे दस्तावेज के साथ गुरुवार को तलब किया है। सरकार और डीजीपी से संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर कोर्ट ने नाराजगी जताई और कहा कि अगर एसआईटी जांच में लापरवाही पाई जाती है तो मामले को सीबीआई को भी दिया जा सकता है।

## डीएनए टेस्ट को क्यों लटकाया

अदालत में डीजीपी से पूछा कि अबतक डीएनए टेस्ट क्यों नहीं हुआ। क्या अदालत के आदेश का इंतजार किया जा रहा है। जबकि कंकाल मिले तीन-चार दिन बीत चुके हैं। युवती के माता-पिता का सैंपल और कंकाल का सैंपल लेकर मात्र तीन-चार घंटा में डीएनए टेस्ट हो सकता था और इसका रिजल्ट आ सकता था। लेकिन क्यों इस मामले को देर किया जा रहा है।

## बोकारो जंगल से मिला कंकाल

प्रार्थी के अधिवक्ता विनसेंट रोहित मार्की और अधिवक्ता शांतनु गुप्ता ने पक्ष रखा। मामले की सुनवाई उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की खंडपीठ में हुई। कोर्ट को सरकार की ओर से बताया गया कि आरोपित दिनेश महतो को गिरफ्तार किया गया है। वहीं लापता युवती का कंकाल बोकारो के जंगल से बरामद किया गया है।

## ब्रीफ खबर

### तेहरान पहुंचे असीम मुनीर और मोहसिन नकवी

**नई दिल्ली।** संयुक्त राज्य अमेरिका और ईरान के बीच हालिया असफल वार्ता के बाद एक बार फिर संवाद बहाली के संकेत मिलने लगे हैं। इस्लामाबाद में करीब 20 घंटे से अधिक चली बातचीत बिना किसी ठोस समझौते के समाप्त होने के बावजूद दोनों देशों के बीच अप्रत्यक्ष संपर्क जारी है। इस बीच पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर और गृह मंत्री मोहसिन नकवी का प्रतिनिधिमंडल तेहरान पहुंचा है, जिसे क्षेत्रीय कूटनीति और मध्यस्थता के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी संकेत दिया है कि दोनों देशों के बीच बातचीत दोबारा शुरू हो सकती है।

### ED का ऐक्शन : 159 करोड़ की संपत्ति कोयला घोटाले में जब्त

**कोलकाता।** विधानसभा चुनाव के बीच प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने पश्चिम बंगाल में बड़ा ऐक्शन लिया है। ईडी के मुख्यालय कार्यालय ने, ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ECL) के लीज वाले इलाकों में बड़े पैमाने पर हो रही अवैध कोयला खनन और चोरी की चल रही जांच के सिलसिले में, मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (PMLA), 2002 के प्रावधानों के तहत 159 .51 करोड़ रुपये की संपत्ति को अस्थायी रूप से कुर्क कर लिया है। जांच से पता चला है कि अवैध खनन का काम एक ऐसे सिंडिकेट द्वारा किया जा रहा था जिसका नेतृत्व अनूप माझी कर रहा था, जिसे लाला के नाम से भी जाना जाता है। पश्चिम बंगाल की कुछ लाभार्थी कंपनियों को जान-बूझकर अवैध रूप से निकाले गए कोयले को नकद में खरीदते हुए पाया गया।


### बस पलटने से 6 श्रद्धालुओं की दर्दनाक मौत

**फतेहगढ़ साहिब।** पंजाब के फतेहगढ़ साहिब जिले में बड़ा हादसा हुआ है। यहां श्रद्धालुओं से भरी एक बस बेकाबू होकर पलट गई। इस हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि 21 लोग घायल हो गए। मृतकों में एक महिला भी शामिल है। सभी घायलों को मोरिंडा और फतेहगढ़ साहिब के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। घायलों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। गंभीर रूप से घायल कुछ श्रद्धालुओं को चंडीगढ़ पीजीआई रेफर कर दिया गया है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

# सांसद राघव चड्ढा की Z+ सुरक्षा वापस

▶▶ पंजाब में सुरक्षा पर सियासत, अब केंद्र से मिलेगा कवर

**एजेंसी । चंडीगढ़**



पंजाब सरकार ने राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा की सुरक्षा व्यवस्था में बड़ा बदलाव करते हुए उन्हें दी गई Z+ श्रेणी की सुरक्षा वापस ले ली है। राज्यसभा के लिए पंजाब से निर्वाचित होने के बाद उन्हें राज्य सरकार की ओर से उच्चतम स्तर का सुरक्षा कवर दिया गया था, जिसमें पंजाब पुलिस के जवानों के साथ कमांडो तैनाती भी शामिल थी। आमतौर पर Z+ सुरक्षा में 30 से अधिक सुरक्षाकर्मी शामिल होते हैं। इस निर्णय को राज्य की राजनीति और दलगत समीकरणों के संदर्भ में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हालिया घटनाक्रम में आम आदमी पार्टी ने 2 अप्रैल को राघव चड्ढा को राज्यसभा में पार्टी के उपनेता पद से हटाकर उनकी जगह अशोक मित्तल को जिम्मेदारी सौंपी थी।

## केंद्र सरकार देगी सिक्योरिटी

दूसरी ओर, पार्टी के वरिष्ठ नेता सौरभ भारद्वाज ने दावा किया है कि केंद्र सरकार की ओर से चड्ढा को Z+ सुरक्षा प्रदान की जा रही है। इस पूरे घटनाक्रम को लेकर राज्य और केंद्र की भूमिका तथा राजनीतिक संदेशों को लेकर बहस तेज हो गई है।

## बदलाव के लिए बेताब बंगाल की जनता : सीतारमण

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पूर्व बर्धमान से बड़ा दावा करते हुए कहा कि राज्य की जनता अब बदलाव चाहती है और इसके लिए बेताब है। बुधवार को चुनावी दौरे पर बर्धमान पहुंचीं निर्मला सीतारमण ने कहा कि मैं देख पा रही हूं कि लोग बदलाव के लिए बेहद उत्सुक हैं। 2016 में भी मैं यहां प्रचार के लिए आई थी, लेकिन इस बार माहौल अलग है। अब लोग खुलकर अपनी समस्याएं बता रहे हैं और बेहतर प्रशासन की मांग कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि भले ही लोग सीधे तौर पर सब कुछ नहीं कह रहे हों, लेकिन यह साफ संकेत दे रहे हैं कि वे मौजूदा स्थिति से संतुष्ट नहीं हैं। हमारे नेताओं को जो समर्थन मिल रहा है, वह काफी उत्साहजनक है। मुझे लगता है कि इस बार बंगाल में बदलाव जरूर आएगा। इससे पहले भी केंद्रीय मंत्री ने संसद में तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधा था। संसद में चर्चा के दौरान उन्होंने आरोप लगाया था कि राज्य सरकार चाय बागान के श्रमिकों के साथ अन्याय कर रही है।



**CBSE ने घोषित किए दसवीं के नतीजे, 93.70 फीसदी बच्चे उत्तीर्ण**


# त्रिवेंद्रम और विजयवाड़ा फर्स्ट डिवीजन पास

**एजेंसी । नई दिल्ली**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने बुधवार को कक्षा 10 की परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। इस वर्ष कुल 93.70 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जो पिछले वर्ष के 93.66 प्रतिशत की तुलना में 0.04 प्रतिशत की मामूली वृद्धि दर्शाता है। बोर्ड के अनुसार, इस वर्ष 24,83,479 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 24,71,777 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए और 23,16,008 छात्र-छात्राएं सफल घोषित किए गए। परीक्षा का आयोजन 17 फरवरी से 11 मार्च 2026 तक किया गया था।

## 99 .79% सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

क्षेत्रवार प्रदर्शन में त्रिवेंद्रम और विजयवाड़ा क्षेत्र 99 .79 प्रतिशत के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर रहे, जबकि चेन्नई (99 .58 प्रतिशत) और बेंगलुरु (98 .91 प्रतिशत) ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। दिल्ली पश्चिम और दिल्ली पूर्व क्षेत्र का पास प्रतिशत क्रमश: 97 .45 और 97 .33 रहा। परिणाम में छात्राओं का प्रदर्शन छात्रों के मुकाबले बेहतर रहा। परिणामों के मुताबिक 94 .99 प्रतिशत छात्राएं पास हुईं, जबकि 92 .69 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए। ट्रांसजेंडर



## संस्थागत प्रदर्शन में केवी शीर्ष पर

संस्थागत प्रदर्शन की बात करें तो केन्द्रीय विद्यालय (केवी) ने 99 .57 प्रतिशत के साथ शीर्ष स्थान प्राप्त किया, इसके बाद जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी) 99 .42 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहे। सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों का पास प्रतिशत क्रमश: 91.43 और 91.01 रहा। विदेशी स्कूलों का

## 2.21 लाख बच्चों को 90 फीसद

इस वर्ष परीक्षा में कुल 2,21,574 छात्रों ने 90 प्रतिशत या उससे ज़्यादा अंक हासिल किए। इनमें से 55,368 छात्रों ने 95 प्रतिशत से ज़्यादा अंक प्राप्त किए। इस वर्ष बड़ी संख्या में छात्रों ने 90 प्रतिशत और उससे अधिक अंक हासिल किए, जो छात्रों के बेहतर शैक्षणिक प्रदर्शन

# 'हिम्मत है तो रोज जांच करो'

## ममता बोलीं- एयरपोर्ट जाते वक्त रोकने की कोशिश की गई

**एजेंसी । कोलकाता**



पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के बीच राजनीति में एक बार फिर तनाव बढ़ गया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस्लामपुर की जनसभा से चुनाव आयोग और भाजपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने टीएमसी नेताओं की गाड़ियों की तलाशी के मुद्दे पर सवाल उठाते हुए कहा कि अगर उनके दल के नेताओं की गाड़ियों की जांच हो रही है तो प्रधानमंत्री और गृह मंत्री की गाड़ियों की जांच क्यों नहीं की जाती। उन्होंने राज्यपाल पर भी हमला बोलते हुए कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था अब चुनाव आयोग और केंद्र के हाथ में है और उनके नियंत्रण में आने के बाद से अशांति बढ़ी है। उन्होंने कहा कि यदि केंद्रीय बलों में हिम्मत है तो वे उनकी गाड़ी की रोज जांच कर सकते हैं।

# SIR से नाम हटा, अब देश से निकालने की तैयारी : शाह

▶▶ सरकार बनने के बाद पूरी तरह से सील की जाएंगी सीमाएं

▶▶ सीमा पर बाड़बंदी के लिए सरकार नहीं दे रही है आवश्यक जमीन



**एजेंसी । कोलकाता**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल की मतदाता सूची से घुसपैठियों के केवल नाम हटाए हैं, जबकि अगला कदम उन्हें देश की सीमाओं से बाहर करना होगा। आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर उत्तर बंगाल में चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने यह बयान दिया। कूचबिहार जिले के तुफानगंज में जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनने पर पूर्वी सीमाओं को इस तरह सील किया जाएगा कि "परिंदा भी पर नहीं मार सके।"

## विकास और बजट आवंटन

उन्होंने कहा कि यह मुद्दा केवल अवैध घुसपैठ रोकने तक सीमित नहीं है, बल्कि पहले से मौजूद लोगों की पहचान और कानूनी कार्रवाई भी जरूरी है। इस दौरान ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार पर उत्तर बंगाल की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए उन्होंने क्षेत्रीय विकास, बजट आवंटन और सुरक्षा मुद्दों को उठाया। शाह ने आश्वासन दिया कि सत्ता में आने पर राजबंशी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने और 'नारायणी बटालियन' के गठन जैसे कदम उठाए जाएंगे।

**मनी लॉन्ड्रिंग केस** | **रॉबर्ट वाड्रा को समन**

# वाड्रा समेत 11 आरोपियों को 16 मई को पेशी का आदेश

**एजेंसी । नई दिल्ली**

दिल्ली के राउज एवेन्यू स्थित विशेष अदालत ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में रॉबर्ट वाड्रा सहित कुल 11 आरोपितों को समन जारी करते हुए 16 मई को कोर्ट में पेश होने का निर्देश दिया है। विशेष न्यायाधीश सुशांत चंगोट्रा ने प्रवर्तन निदेशालय (ED) की चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए यह आदेश पारित किया। अदालत ने जिन अन्य आरोपितों को तलब किया है, उनमें कई कंपनियां और व्यक्ति शामिल हैं, जिन पर कथित रूप से वित्तीय अनियमितताओं और अवैध धन लेनदेन में संलिप्तता के आरोप हैं।



## शिकोहपुर भूमि सौदे से जुड़ा मामला

ईडी के अनुसार, यह मामला हरियाणा के गुरुग्राम स्थित शिकोहपुर भूमि सौदे से जुड़ा है, जिसकी शुरुआत 2008 में हुई थी। आरोप है कि वाड्रा से संबद्ध कंपनी ने करीब 3 .5 एकड़ जमीन 7 .5 करोड़ में खरीदी और बाद में वर्ष 2012 में इसे लगभग 58 करोड़ में बेच दिया, जिससे बड़ा मुनाफा अर्जित हुआ।

## जब्त की गईं 43 संपत्तियां

जांच एजेंसी ने इस प्रकरण में वाड्रा और संबंधित कंपनियों की 37 .64 करोड़ मूल्य की 43 संपत्तियां जब्त की हैं। वहीं, सुनवाई के दौरान वाड्रा पक्ष ने आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि उनके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला नहीं बनता। अदालत ने पहले 4 अप्रैल को फैसला सुरक्षित रखा था, जिसके बाद अब सभी आरोपितों को अदालत में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है।

# सभ्यता और परंपरा भारत की सबसे बड़ी शक्ति : मोदी

## मांड्या में प्रधानमंत्री मोदी का संदेश, भैरवैक्य मंदिर का लोकार्पण

**एजेंसी । मांड्या (कर्नाटक)**

नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत की पहचान उसकी हजारों वर्षों पुरानी जीवंत सभ्यता और निरंतर चलती आ रही सांस्कृतिक परंपराओं में निहित है, जो विश्व में अद्वितीय है। कर्नाटक के आदिचुंचनगिरि मठ में श्री गुरु भैरवैक्य मंदिर के लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बहुत कम देश ऐसे हैं, जहां इतनी लंबी अवधि तक सांस्कृतिक और आध्यात्मिक निरंतरता बनी रही हो। इस कार्यक्रम में पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा भी उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री ने मठ की लगभग 2,000 वर्ष पुरानी परंपरा का उल्लेख करते हुए इसे समाज सेवा, शिक्षा और आध्यात्मिक मार्गदर्शन का महत्वपूर्ण केंद्र बताया।



## 'वोकल फॉर लोकल' का दिया मंत्र

प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर जनभागीदारी आधारित विकास पर जोर देते हुए नागरिकों के सामने 9 प्रमुख संकल्प रखे, जिनमें जल संरक्षण, वृक्षारोपण ('एक पेड़ मां के नाम'), स्वच्छता को जन आंदोलन बनाना, 'वोकल फॉर लोकल' के जरिए स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना, घरेलू पर्यटन, प्राकृतिक खेती, स्वस्थ जीवनशैली (मोटापा नियंत्रण, मिलेट्स का उपयोग), योग-खेल को अपनाना और जरूरतमंदों की सेवा शामिल हैं।

## लक्ष्य पाने को आगे आएं भारतीय युवा

उन्होंने कहा कि देश की 25 करोड़ से अधिक जनसंख्या वाली युवा शक्ति और सामाजिक भागीदारी इन लक्ष्यों को तेजी से हासिल करने में अहम भूमिका निभाएगी। साथ ही उन्होंने आयुष्मान भारत योजना का उल्लेख करते हुए बताया कि इस योजना के तहत करोड़ों लोगों को मुफ्त उपचार का लाभ मिल चुका है।